आर0एन0आई0 पंजी0 सं0 - UPHIN/2014/60049

अमर चेतना

वर्ष- 08, अंक- 84 | (हिन्दी दैनिक) | (प्रातः कालीन संस्करण) | फतेहपुर, शुक्रवार, 12 नवम्बर 2021 | E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com | पृष्ठ-6, मूल्य- 3.00 रुपया

गरीबों को मार्च तक फ्री राशन देने के फैसले पर योगी कैबिनेट की मुहर

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पात्र गृहस्थी व अंत्योदय कार्ड धारकों को मार्च 2022 तक निःशुल्क राशन देगी। सरकार गेहूं और चावल के साथ ही एक किलो चना, एक लीटर खाद्य तेल व एक किलो आयोडाइज्ड नमक भी प्रदान करेगी। राशन दिसंबर माह से मिलना शुरू हो जाएगा। योगी कैबिनेट ने बुधवार को इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान मार्च तक मुफ्त राशन दिए जाने की घोषणा की थी। अंत्योदय कार्ड धारकों को राशन में 35 किलो चावल, गेहूं के साथ-साथ दाल, तेल और नमक दिया जाएगा। इस योजना से 15 करोड़ लोगों को फायदा मिलेगा। पात्र गृहस्थी कार्ड धारक को प्रति यूनिट पांच किलो राशन (तीन किलो गेहूं व दो किलो चावल) मिलता है। इसी तरह अंत्योदय कार्ड धारक को 35 किलो राशन (20 किलो गेहूं व 15 किलो चावल) मिलता है। इस निर्णय से 1200.42 करोड़ रुपए प्रतिमाह के आधार पर कुल 4801.68 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। बता दें रामनगरी अध्योध्या में पंचम दीपोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंत्योदय और बीपीएल कार्डधारकों को होली तक मुफ्त राशन देने की घोषणा की थी। दीपोत्सव पर मुख्यमंत्री के इस उपहार से प्रदेश के 15 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। इसके तहत अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति माह 35 किलो चावल, गेहूं के साथ दाल, एक लीटर खाद्य तेल, नमक और चीनी भी दी जाएगी। बीपीएल कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किलो ग्राम चावल, गेहूं के साथ दाल, एक लीटर खाद्य तेल और नमक मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में सरयू तट स्थित रामकथा पार्क में अपने संबोधन में कहा था कि कोरोना महामारी संकट को ध्यान में रख कर प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत गरीबों को मुफ्त राशन वितरण नवंबर तक प्रस्तावित था, किंतु उत्तर प्रदेश में यह योजना अगले वर्ष होली तक चलेगी।

योगी सरकार ने दी मंजूरी

विवाहित पुत्री को भी मृतक आश्रित में मिलेगी नौकरी

लखनऊ, एजेंसी। सरकारी विभागों में मृतक आश्रित के रूप में अब विवाहित पुत्रियों की नियुक्ति भी हो सकेगी। प्रदेश सरकार ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (बारहवां संशोधन) नियमावली 2021 को जारी करने की मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अभी तक मृतक आश्रित के रूप में अनुकंपा नियुक्ति के लिए पुत्र व अविवाहित पुत्री ही पात्र माने जाते थे। काफी समय से विवाहित पुत्रियों को भी इसके दायरे में लाने की मांग की जा रही थी। अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली में संशोधन करके विवाहित पुत्री को भी मृतक आश्रित के रूप में अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र कर दिया गया है।

भारत ने कोविड महामारी के खिलाफ सबसे प्रभावशाली अभियान चलाया: कोविंद

नयी दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज यहां राज्यपालों तथा उप राज्यपालों के 51 वें स्म्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने कोविड महामारी के खिलाफ ' सबसे प्रभावशाली' अभियान चलाया। राष्ट्रपति भवन में दो वर्ष के अंतराल पर गुरूवार को आयोजित इस सम्मेलन में उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी हिस्सा लिया। कोविड महामारी के कारण यह सम्मेलन पिछले दो वर्षों से आयोजित नहीं किया जा सका था। पिछला राज्यपाल सम्मेलन नवम्बर 2019 में आयोजित किया गया था। श्री कोविंद ने कहा कि भारत ने कोविड का मुकाबला करने के लिए विश्व का सबसे प्रभावी अभियान चलाया गया । देश के सभी कोरोना यौद्धाओं ने अपने त्याग और समर्पण से अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। सरकार की पहल तथा वैज्ञानिकों और उद्यमियों के प्रयासों के बल पर देश में वैक्सीन का विकास और उत्पादन संभव हो सका। अभी तक 108 करोड़ से अधिक टीके लगाये जा चुके हैं और टीकाकरण का अभियान देश भर में तेजी से आगे बढाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने दूसरे देशों की मदद के लिए वैक्सीन मैत्री अभियान चलाया जिसकी दुनिया भर में सराहना हो रही है। राज्यपालों ने भी इस महामारी से निपटने में सक्रिय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि महामारी से निपटने के लिए समूचे देश ने मिलकर प्रयास किया और सभी राज्यों ने एक दूसरे के सहयोग के साथ साथ उनकी अच्छी बातों को अपने यहां लागू किया। इसी का परिणाम है कि भारत ने अनेक विकसित देशों की तुलना में कोविड का सामना बेहतर ढंग से किया। श्री कोविंद ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में हाल ही में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया ने देखा कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से भारत अकेला ऐसा देश है।

पंजाब विधानसभा में हंगामा

सीएम ने मजीठिया को नशा कारोबारी कहा अकाली कांग्रेसी आमने-सामने, हाथापाई की नौबत

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब विधानसभा के स्पेशल सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को दोपहर बाद सदन में जबरदस्त हंगामा हो गया। हंगामा इतना बढ़ा कि हाथापाई की नौबत आ गई। सीएम चन्नी ने बिक्रम सिंह मजीठिया से कहा कि आपका रोम-रोम गंदगी से जुड़ा है। आप नशे के कारोबार से जुड़े रहे हो। इस पर अकाली दल के सदस्य भड़क गए और मुख्यमंत्री की चेयर के सामने पहुंच गए। हंगामे के बीच स्पीकर ने सदन की कार्रवाई स्थगित कर दी। वहीं कांग्रेस के सदस्यों ने सीएम चन्नी के आगे ढाल बना दी और बहस शुरू कर दी। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी मुख्यमंत्री की चेयर के सामने अकाली और कांग्रेसी सदस्यों के बीच बहस जारी रही। सीएम अपनी चेयर पर बैठे रहे और चारों तरफ से कांग्रेस के विधायकों ने एक घेरा बना लिया। मंत्री ओपी सोनी मजीठिया को समझाते दिखाई दिए वहीं राजा वड़िंग, परगट सिंह, सुखजिंदर रंधावा, कुलजीत नागरा और अन्य सदस्य अकालियों से उलझे। राजा वड़िंग और मजीठिया के बीच काफी बहस हुई। अन्य कांग्रेसी भी अकालियों से लगातार विवाद करते रहे। मंत्री तृप्त बाजवा ने कांग्रेसी विधायकों को समझा-बुझाकर सीटों पर बिठाया। इसके बाद अकाली सदस्यों ने वेल में नारेबाजी शुरू कर दी। 3.18 बजे 15 मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सदन की कार्रवाई दोबारा शुरू होते ही 10 मिनट के लिए फिर स्थगित कर दी गई। सभी सदस्य अभी सदन में मौजूद हैं। अकाली दल के सदस्य वेल में खड़े हैं। वहीं कांग्रेस के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के आसपास घेरा बना रखा है। आम आदमी पार्टी के सदस्य भी सदन में मौजूद हैं। स्पीकर ने कार्रवाई शुरू करते हुए सदस्यों से अपील की कि जब तक काम काज चल रहा है, सदन का समय बढ़ा दिया जाए।

देश में कोरोना के 13 हजार से अधिक नये मामले

नयी दिल्ली, एजेंसी। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के मामलों में एक दिन पहले की तुलना में वृद्धि दर्ज की गयी और इस दौरान 13 हजार से अधिक नये मामले सामने आये हालांकि स्वस्थ होने वालों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक रहने से सक्रिय मामलों में गिरावट रही। इस बीच देश में बुधवार को 57 लाख 54 हजार 817 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक एक अरब दस करोड़ 23 लाख 34 हजार 225 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 13,091 नये मामले सामने आये हैं और इसी के साथ संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 34401670 हो गया है। इसी दौरान 13,878 मरीज स्वस्थ हुए हैं और इसके साथ ही इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 33800925 हो गयी है।

सुरक्षाबलों ने कुलगाम में दो आतंकियों को किया ढेर

इलाके में अन्य दहशतगर्दों के होने की सूचना के बाद सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। अन्य दहशतगर्दों के होने की सूचना के बाद इलाके को सुरक्षाबलों ने घेरा है। आने-जाने के सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है। वीरवार को सुरक्षाबलों को कुलगाम के एक इलाके में आतंकियों कि मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी और सेना के जवान मौके पर पहुंचे। सैन्य अधिकारियों ने आतंकियों को आत्मसमर्पण के लिए कहा लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी ढेर कर दिए गए। उसकी पहचान के प्नयास किए जा रहे हैं। इससे पहले कश्मीर में लगातार हो रहे टारगेट किलिंग को देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुबह श्रीनगर के सरायबल्ला इलाके में सुरक्षाबलों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सभी दुकानों को बंद करवाकर छापे मारे। इस बीच दुकानदारों और वहां काम करने वाले लोगों की तलाशी ली गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में कुछ देर के लिए हलचल तेज हो गई। दरअसल कश्मीर में एक सप्ताह के भीतर दो लोगों की हत्या और ग्रेनेड हमले हो चुके हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में हुए हमलों के बाद सुरक्षा अचानक बढ़ा दी गई है। कश्मीर में इस साल अब तक 112 आतंकियों को मार गिराया गया है। केंद्र शासित प्रदेश में 135 आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान में की है। अक्तूबर से लेकर अब तक कश्मीर में आतंकी 14 नागरिकों की हत्या कर चुके हैं। इनमें कश्मीरी पंडित कारोबारी मक्खन लाल बिंदरू, बिहार के पांच मजदूर, अल्पसंख्यक समुदाय के दो शिक्षक शामिल हैं। इन घटनाओं के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर का पिछले महीने दौरा कर उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में समीक्षा की। इसके बाद कुछ दिनों तक यह सिलसिला बंद रहा, लेकिन सात नवंबर से लगातार दो दिनों तक नागरिकों को शिकार बनाया गया।

कोविड टीकाकरण में हर व्यक्ति तक पहुँचने पर जोर दिया मांडविया ने

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कोविड टीकाकरण अभियान में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचने पर जोर देते हुए राज्यों को आश्वस्त किया है कि देश में कोविड टीकों की कोई कमी नहीं है। श्री मांडविया ने गुरुवार को यहां राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ कोविड टीकाकरण के हर घर दस्तक अभियान को मजबूती देने के तौर तरीकों पर चर्चा करते हुए कहा कि कोविड टीका देने के लिए प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण अभियान में कोई भी व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। इसके लिये सामूहिक प्रयास किये जाने चाहिए। श्री मांडविया ने कहा कि कोरोना महामारी के विरुद्ध प्रत्येक व्यक्ति को कोविड टीके का संरक्षण मिलना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने मोदी के महत्वाकांक्षी चारधाम परियोजना पर फैसला रखा सुरक्षित

नयी दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी 12000 करोड़ रुपए की चारधाम राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना पर सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत से उत्तराखंड के करीब 900 किलोमीटर के इस राजमार्ग परियोजना के तहत सड़कों की चौड़ाई को साढ़े पांच से 10 मीटर करने की अनुमति मांगी है। इससे पहले शीर्ष अदालत ने साढ़े पांच मीटर तक चौड़ी करने की इजाजत दी थी। न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ ने सुनवाई के बाद केंद्र सरकार और गैर सरकार संगठन (एनजीओ) सिटीजंस फॉर ग्रीन दून को अपने लिखित सुझाव अगले दो दिनों में शीर्ष अदालत के समक्ष पेश करने को कहा है। इसके बाद पर्यावरण सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर विचार के बाद खंडपीठ अपना फैसला सुनाएगी। शीर्ष अदालत ने सितंबर 2020 में केंद्र सरकार को उसकी 2018 की अधिसूचना के अनुपालन के मद्देनजर सड़क की चौड़ाई साढ़े पांच मीटर रखने का आदेश दिया था। केंद्र सरकार ने भारत-चीन सीमा पर गत एक वर्ष में बदले हुए हालात के मद्देनजर सैन्य सुरक्षा घेरा मजबूत करने का हवाला देते हुए सड़क की चौड़ाई 10 मीटर करने की मांग की है। पर्यावरण के मुद्दों पर काम करने वाली एनजीओ सिटीजंस फॉर ग्रीन दून- केंद्र सरकार की इस मांग का यह कहते हुए विरोध कर रही है कि सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति होगी। पहाड़ी इलाके में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ जाएंगी। हिमालय क्षेत्र में सड़कों की चौड़ाई बढ़ने से दुर्लभ जलीय जीव एवं जानवरों के अस्तित्व का खतरा बढ़ जाएगा। निर्माण कार्य से ग्लेशियर के पिघलने की आशंका है। इस वजह से गंगा और उसकी विभिन्न सहयोगी नदियों के जल स्तर में वृद्धि से देशभर में जान माल का भारी नुकसान होने की प्रबल संभावना है।

भारत को असली आजादी 2014 में मिली:कंगना

वरुण गांधी बोले- इस सोच को देशद्रोह कहूं या पागलपन

नयी दिल्ली, एजेंसी। कंगना रनोट ने एक समिट में कहा कि भारत को सच्ची आजादी 2014 में मिली है। उनके इस बयान पर बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने गुरुवार को कहा कि मैं इस सोच को पागलपन कहूं या फिर देशद्रोह। बता दें वरुण गांधी कुछ समय से अपनी ही पार्टी के खिलाफ मुखर हो गए हैं। वहीं कंगना के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, क्योंकि कई सेलेब्स ने कंगना की बातों की कड़ी आलोचना की है। दरअसल एक राष्ट्रीय मीडिया नेटवर्क के वार्षिक शिखर समिट में कंगना गेस्ट स्पीकर थीं। इस दौरान उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में सावरकर, लक्ष्मीबाई और नेताजी बोस को याद करते हुए कहा ज ये लोग जानते थे कि खून बहेगा, लेकिन यह हिंदुस्तानी खून नहीं होना चाहिए। वे इसे जानते थे। बेशक, उन्हें एक पुरस्कार दिया जाना चाहिए। वह आजादी नहीं थी, वो भिक्षा थी। हमें 2014 में असली आजादी मिली है। बीजेपी सांसद वरुण ने कंगना के वायरल वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, कभी महात्मा गांधी के बलिदान और तपस्या का अपमान, उनके हत्यारे के प्रति सम्मान और अब मंगल पांडे से लेकर रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी और अन्य लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के लिए यह तिरस्कार। मैं इस सोच को पागलपन कहूं या फिर देशद्रोह? वहीं फिल्म इंडस्ट्री से कमाल राशिद खान ने अपनी पोस्ट पर लिखा, बेवकूफ कंगना रनोट ने कहा कि भारत को आजादी 1947 में नहीं मिली थी! वो वाली आजादी तो भीख थी। दरअसल भारत को 2014 में आजादी मिली थी। आज भगत सिंह, उधम सिंह आदि जैसे सभी स्वतंत्रता सेनानी यह सुनकर स्वर्ग में रो रहे होंगे।

असम में सड़क दुर्घटना में नौ मरे, एक घायल

गुवाहटी, एजेंसी। असम के करीमगंज जिले में गुरूवार तड़के एक ट्रक और ऑटो-रिक्शा के बीच टक्कर होने से नौ लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि करीमगंज जिले के बैथलखाल में सुबह पांच बजे यह हादसा उस समय हुआ जब राष्ट्रीय राजमार्ग आठ पर त्रिपुरा सीमा से करीमगंज की ओर आ रहा सीमेंट से भरा एक ट्रक सामने से आ रहे ऑटो-रिक्शा से टकरा गया। इस हादसे में ऑटो में सवार महिलाओं और बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया है जबकि घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतकों की पहचान दूजा बाई पनिका, शालू बाई पनिका, गौरव दास पनिका, ललन गोस्वामी, शंभू दास पनिका, पूजा गौर, देव गौर, मांगली करमाकर, टोपू करमाकर और ऑटोरिक्शा चालक सोनूरी के रूप में हुई है। ये सभी पाथरकांडी के एक चाय बागान के निवासी थे।

तमिलनाडु में बेमौसम बारिश से अब तक 14 लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। तमिलनाडु में लगातार हो रही बारिश की वजह से पूरे राज्य में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में गुरुवार को भारी बारिश की चेतावनी की वजह से राज्य के लिए आज का दिन भी काफी अहम हैं। चेन्नई में रात से हो रही तेज बारिश के बाद कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। सड़कों पर पानी भर गया है। लगातार हो रही बारिश की वजह से राज्य में जनता को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। न्यूज एजेंसी एनएनआई ने गुरुवार को राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव कुमार जयंत के हवाले से बताया है कि पूरे तमिलनाडु में लगातार हो रही बारिश की वजह से अभी तक कम से कम 14 लोगों की जान चली गई है। वहीं, चेन्नई के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्य में अगले 3 घंटों में विल्लुपुरम, कुड्डालोर, कल्लाकुरिची, कृष्णागिरी, धर्मपुरी,

जलमग्न हुई चेन्नई की सड़कें

नमक्कल, पेरम्बलुर, अरियालुर और सेलम जिले और पुडुचेरी और क्रायकल में एक या दो स्थानों पर मध्यम बारिश के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश और जगह-जगह जलभराव को देखते हुए चेन्नई एयरपोर्ट के अधिकारियों ने विमानों के आगमन को 13.15 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है। एयरपोर्ट पर विमानों का आगमन बंद होने की वजह से यात्रियों को भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, एयरपोर्ट से उड़ान भरने की इजाजत मिली हुई है।

भारत ने लॉन्च किया ई-अमृत वेब पोर्टल

तोड़ेगा इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़े मिथक, देगा सभी सूचनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है। नीति आयोग ने एक बयान में कहा कि (ई-अमृत) वेबसाइट इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़ी सभी जानकारियां जैसे उनकी खरीद, निवेश के अवसरों, नीतियों और सब्सिडी के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन होगी। वेब पोर्टल इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से जुड़े मिथकों का भी पर्दाफाश करेगा। यह अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के फायदों पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए सरकार द्वारा की जा रही सभी पहलों का पूरक होगा। नीति आयोग का इरादा ई-अमृत पोर्टल को ज्यादा संवादात्मक और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए इसमें और ज्यादा फीचर्स जोड़ने और इनोवेटिव टूल्स पेश करने का है।

ई-अमृत पोर्टल को यूके सरकार के साथ सहयोगात्मक ज्ञान विनिमय कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा विकसित और होस्ट किया गया है। यह यूके-भारत संयुक्त रोडमैप 2030 का एक हिस्सा है जिस पर दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने हस्ताक्षर किए हैं। पोर्टल के लॉन्च में यूके के हाई-लेवल क्लाइमेट एक्शन चैंपियन निगेल टॉपिंग और नीति आयोग के सलाहकार सुधेंदु ज्योति सिन्हा ने भाग लिया। हाल के दिनों में, देश ने परिवहन के डीकार्बोनाइजेशन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अपनाने से इलेक्ट्रिक भविष्य की ओर बदलाव में तेजी लाने के लिए कई पहल की है। फेम और पीएलआई जैसी योजनाएं इलेक्ट्रिक वाहनों को जल्दी अपनाने के लिए एक इकोसिस्टम बनाने में खासतौर पर महत्वपूर्ण रही हैं। विभिन्न भारतीय राज्यों ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीतियां शुरू की हैं जिनमें इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स, थ्री-व्हीलर्स और फोर-व्हीलर्स की खरीद के लिए सब्सिडी शामिल है।

त्रिपुरा हिंसा

यूएपीए के तहत जेल में बंद वकीलों-पत्रकारों की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने त्रिपुरा हिंसा में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत जेल में बंद किए गए पत्रकारों और वकीलों की याचिका पर सुनवाई को लेकर सहमति जता दी है। दरअसल, हाल ही में त्रिपुरा में सांप्रदायिक दंगे हुए थे। स्थिति नियंत्रण में आने के बाद त्रिपुरा पुलिस ने हिंसा के बारे में अपनी सोशल मीडिया पोस्ट से कथित रूप से सांप्रदायिक नफरत को बढ़ावा देने के आरोप में सुप्रीम कोर्ट के चार वकीलों को गिरफ्तार कर लिया था। इनके खिलाफ सख्त यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इसी मामले में दो वकीलों और एक पत्रकार ने यूएपीए के कठोर प्रावधानों के तहत दर्ज आपराधिक मामले रद्द करने का अनुरोध किया। गौरतलब है कि त्रिपुरा में अल्पसंख्यक समुदाय के पूजा स्थलों के खिलाफ कथित हिंसा को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर उच्चतम न्यायालय के वकीलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं समेत 102 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में सिविल सोसाइटी के सदस्य, जो कि तथ्य जांचने वाली समिति का भी हिस्सा रहे लोगों ने यूएपीए की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी इस समिति का कहना है कि यूएपीए में गैरकानूनी गतिविधियों की परिभाषा अस्पष्ट और व्यापक है और ऐसे मामलों में आरोपियों की जमानत कराना भी काफी मुश्किल हो जाता है। पड़ोसी बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के दौरान सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने त्रिपुरा में रैली निकाली थी। इसी दौरान हालात बिगड़ गए और आगजनी, लूटपाट और हिंसा की घटनाएं हुईं। कुछ रिपोर्ट्स में तो यहां तक सामने आया था कि एक मस्जिद में तोड़फोड़ के साथ कई दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया।

यूएस डिपार्टमेंट आफ डिफेंस की रिपोर्ट पर भारत ने कहा

चीन के अनुचित दावों को हमने कभी नहीं किया स्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में 7 देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच बैठक हुई। इस दौरान अफगानिस्तान के मुद्दे पर चर्चा हुई। इस बैठक में पाकिस्तान को भी निमंत्रण दिया गया था। अफगान को लेकर हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में पाकिस्तान ने हिस्सा नहीं लिया। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि इससे पता चलता है उनका अफगानिस्तान के मुद्दे पर क्या रवैया है। वहीं, दूसरे मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि यूएस डिपार्टमेंट आफ डिफेंस की रिपोर्ट में चीन द्वारा भारत-चीन बार्डर के पास निर्माण कार्यों की जानकारी दी गई। चीन ने पहले भी सीमा से लगते क्षेत्र में निर्माण कार्य किए हैं जिसमें दशकों के दौरान अवैध रूप से कब्जा किया गया क्षेत्र शामिल है। भारत ने न तो हमारे क्षेत्र पर इस तरह के अवैध कब्जे को स्वीकार किया है और न ही चीन के अनुचित दावों को स्वीकार किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा राजनयिक माध्यमों से ऐसी गतिविधियों का कड़ा विरोध किया है और भविष्य में भी ऐसा करती रहेगी। सरकार ने सीमा के बुनियादी ढांचे को भी बढ़ाया है, जिसमें सड़कों, पुलों का निर्माण शामिल है, जिसने सीमा पर स्थानीय आबादी को बहुत जरूरी संपर्क प्रदान किया है। सरकार अरुणाचल प्रदेश सहित आजीविका में सुधार के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ बुनियादी ढांचे के निर्माण के उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार भारत की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले विकास पर लगातार नजर रखे हुए है और संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी उपाय कर रही है। ओआईसी के शीर्ष अधिकारियों का कश्मीर की यात्रा पर विदेश मंत्रालय अरिंदम बागची ने कहा कि यह हमारा आंतरिक मामला है। मैंने पहले भी कहा था कि हम गुलाम कश्मीर की इस तरह की यात्राओं को अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मानते हैं।

प्रकृति प्रदत्त व्यवस्था का सदुपयोग कर बने खुशहाल : प्रो शुक्ल

❑ आधुनिक जीवन शैली से गैर संचारी रोग बढ़ेः कुलपति ❑ राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर मुक्त विवि में संगोष्ठी का आयोजन

प्रयागराज, (संवाददाता)। मानव जैविक घड़ी का सदुपयोग करके व्यक्ति अपने जीवन को खुशहाल बना सकता है। यह प्रकृति प्रदत्त व्यवस्था है। जीवन का सम्मान करिए। पर्याप्त नींद लीजिए एवं समय पर जागिए। उक्त विचार उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल ने गुरुवार को व्यक्त किया। प्रोफेसर शुक्ल राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के तिलक शास्त्रार्थ सभागार में जैविक मानव जैविक घड़ी सरकेडीयन रिदम पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जैविक घड़ी का साथ अगर इंसान ने दिया होता तो आज 95 बीमारियां रुक जाती। उन्होंने कहा कि 100 में 95 लोगों को पेट नहीं साफ होने की समस्या है। जिस वजह से पेट साफ करने के उत्पादों के विज्ञापनों की बाढ़ आ गई है। उन्होंने कहा कि शरीर की एक-एक कोशिका में घड़ी है। जीवन का संचालन इन्हीं घड़ियों से हो रहा है और मास्टर क्लॉक मस्तिष्क में लगी है। प्रोफेसर शुक्ल ने कहा कि ब्लू लाइट्स का प्रयोग कम से कम करिए। सूर्य के प्रकाश में अधिक से अधिक रहिए। प्रातः प्रोटीन वाला नाश्ता स्वास्थ्यवर्धक रहता है। उन्होंने कहा कि उपवास की आदत सभी को डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनियमित दिनचर्या से लोग अवसाद ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। शिक्षकों को अपने विद्यार्थी को देखकर उसके भावों को भांप लेना चाहिए। शिक्षक ही अपने छात्रों के अंदर सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि हमें प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित करना चाहिए। कहा कि हम सभी का जीवन बहुमूल्य है, इसकी कीमत सभी को समझनी पड़ेगी। उन्होंने मानव जैविक घड़ी एवं प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित करते हुए आरोग्य पूर्ण जीवन के विविध पक्षों पर चर्चा की। कहा कि आधुनिक जीवन शैली एवं मानव जैविक घड़ी के बीच वर्तमान में सही तारतम्य न होने के कारण समाज में विविध प्रकार के गैर संचारी रोगों की बाढ़ सी आ गई है। जिसमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायराइड की समस्या प्रमुख है। कुलपति ने सभी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की शुभकामनाएं दी। कहा कि अगर हम स्वस्थ रहेंगे, तभी देश को अच्छे नागरिक दे सकेंगे। व्याख्यान का संचालन आयोजन सचिव डॉ मीरा पाल एवं धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार सिंह ने किया।

प्रयागराज मंडल में फ्लाई ऐश की प्रथम बार हुई लोडिंग

प्रयागराज, (संवाददाता)। प्रयागराज मंडल में फ्लाई ऐश की प्रथम बार लोडिंग की गयी है। मण्डल द्वारा माल लदान वृद्धि के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप 08 नवम्बर को पी.पी.जी.एस (प्रयागराज पॉवर जनरेशन कंपनी साइडिंग), बेवरा साइडिंग से फ्लाई ऐश की लोडिंग की गयी। जिसमें कुल 6.52 लाख रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि इसी क्रम में प्रयागराज मंडल ने माल लदान के क्षेत्र में अप्रैल से अक्टूबर 2021-22 में लगभग 328.40 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 की समान अवधि में अर्जित 229.05 करोड़ रुपये की तुलना में 43.38% अधिक है। इसी के साथ साथ पार्सल के क्षेत्र में प्रयागराज मंडल का प्रदर्शन काफी उत्साह जनक रहा है और पार्सल से अक्टूबर माह में लगभग 1.57 करोड़ रुपये अर्जित किये। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2020-21 की समान अवधि में अर्जित 96 लाख रुपये की तुलना में 63% अधिक है।

पर्यावरण पुनर्वास में वानिकी प्रति का हस्तक्षेप संगोष्ठी का हुआ समापन

प्रयागराज, (संवाददाता)। पारि पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन समारोह गुरूवार को हुआ। जिसमें अरुण सिंह रावत, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के महानिदेशक तथा कुलाधिपति, वन अनुसंधान संस्थान समविश्वविद्यालय देहरादून ने ऑनलाइन माध्यम से जायजा लिया। साथ ही पर्यावरण पुनर्वास हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की। संगोष्ठी के समापन दिवस के प्रथम सत्र में डॉ लालजी सिंह, रायपुर ने शुष्क वातावरण में नीलगिरी के पौधों के कार्बन संग्रहण पर व्याख्यान दिया। सत्यम बोरदोलोई असम ने सरल अनुक्रम दोहराव की जीनोम की विस्तृत पहचान तथा अगर वृक्ष में मार्कर तकनीक के विकास पर प्रस्तुतीकरण दिया। मो इब्राहिम, वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, असम ने पूर्वोत्तर भारत में बाँस की विविधता के आकलन पर व्याख्यान दिया। अन्तिम तकनीकी सत्र में प्रजाति बैंबोसा बाल्कोआ के रूपात्मक डॉ संजय सिंह की अध्यक्षता में आमंत्रित मुख्य वक्ता डॉ संतन बर्थवाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक वन अनुसंधान संस्थान देहरादून ने बाँस के बड़े पैमाने पर प्रसार के लिए हाइड्रोपोनिक्स का उपयोग करने के फायदे तथा चुनौतियों पर प्रस्तुतीकरण दिया। साथ ही उन्होने बाँस की पैदावार बढ़ाने में उनके द्वारा किये गये परीक्षण पर चर्चा की। बालकृष्ण तिवारी, वैज्ञानिक हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने हिमाचल प्रदेश के ठण्डे मरुस्थलीय क्षेत्र में खेती के लिए व्हाइट बिलो (सेलिक्स अल्बा) के बेहतर तथा कीट प्रतिरोधी जीनोटाइप के चयन पर चर्चा की। डॉ अनुकूल श्रीवास्तव, वैज्ञानिक राज्य वन अनुसंधान संस्थान कानपुर ने जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए वानिकी संयंत्रों पर हाइड्रोजेल के प्रभाव पर चर्चा की। विभिन्न वैज्ञानिकों-विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान के बाद उपस्थित शोध छात्रों ने संगोष्ठी तथा अनुसंधान सम्बंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। समापन संध्या पर सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत सत्यव्रत वोकल म्यूजिकल ग्रुप (ताल) ने सदाबहार गीतों से उपस्थित प्रतिभागियों का मनोरंजन किया। अन्त में केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ अनुभा श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ कुमुद दूबे, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ एस.डी शुक्ला के साथ अन्य शोध छात्र आदि उपस्थित थे।

सदस्यता लेने वालों का उत्साह, भाजपा के लिए शुभ संकेत : केसरी देवी पटेल

प्रयागराज, (संवाददाता)। मतदाताओं एवं नवयुवकों में भारतीय जनता पार्टी के प्रति प्रेम, विश्वास की जो अलख जल रही है वह भाजपा के लिए एक शुभ संकेत है। यह बातें फूलपुर सांसद श्रीमती केसरी देवी पटेल ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी चल रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत उत्तरी विधानसभा बूथ संख्या 65 में सदस्यता अभियान का शुभारम्भ करते हुए कही। उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि मोदी-योगी ने बिना किसी भेदभाव के देश एवं प्रदेश वासियों की सेवा कर विकास की गंगा तेज गति से बहाई है। यह उत्साह उसी का परिणाम है। उन्होंने सदस्यता अभियान को भली-भांति सम्पन्न कराने वाले कार्यकर्ताओं को 2022 विधानसभा चुनाव की अग्रिम बधाई भी दी और कहा कि यह उत्साह का अभियान नहीं टूटना चाहिए, ना ही कोई युवा मतदाता छूटना चाहिए। कार्यक्रम में फूलपुर सांसद के पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट किया और माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोपाल बाबू जायसवाल, नवीन जायसवाल, वैभव जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, महानगर अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा मनोज कुशवाहा, सांसद मीडिया प्रभारी पार्षद पवन श्रीवास्तव, चंद्रिका पटेल, विजय पटेल, विवेक जायसवाल, श्रीप्रकाश भट्ट, शेखर केसरवानी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनता उपस्थित रही। मीडिया प्रभारी पार्षद पवन श्रीवास्तव ने बताया कि फूलपुर विधानसभा के ढोकरी गांव में पूर्व प्रधान देवराज पटेल के आकस्मिक निधन पर अपनी शोक संवेदना प्रकट करने सांसद उनके आवास पर उपस्थित होकर उनके परिवार को ढांढ़स बंधाया।

दौलत हुसैन ने किशोरी लाल क्लब को हराया

प्रयागराज, (संवाददाता)। दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब ने किशोरी लाल क्रिकेट क्लब को चार विकेट से हराकर एसएआर जयपुरिया अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक जुटाए। दौलत हुसैन मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में किशोरी लाल क्रिकेट क्लब ने 25 ओवर में 115 रन (कृष्णा तिवारी 31, चित्रांश 19, सत्यम झा 12, अहमद अख्तर 3-22, अब्दुल वासिद 2-35) बनाये।

मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी समन्वय समिति ने मांगो को लेकर आगामी पन्द्रह नवंबर तक कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। इसी क्रम मे गुरूवार को समिति के बैनरतले स्थानीय साधन सहकारी बैंक के समीप कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता रामराज दुबे ने कहा कि प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों मे नियोजित सचिव एवं कर्मचारियों मे विभिन्न मांगो को लेकर असंतोष के बावजूद सरकार उपेक्षा पर अमादा है। उन्होनें समस्त पैक्स सचिवों एवं कर्मचारियों व माध्यमिक शिक्षको की भांति नियमित वेतन तथा पैक्स कैडर सचिवों को सहकारी निरीक्षक के प्रोन्नत दिये जाने पर जोर दिया। सभा को संबोधित करते हुए अनिल मौर्या तथा चंद्रपाल यादव ने कहा कि मांगो की पूर्ति न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

फार्मासिस्ट को प्रतिकूल प्रविष्टि व प्रभारी चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण तलब

प्रयागराज, (संवाददाता)। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनी एट कोटवा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई तथा रिकार्डो का रख-रखाव ठीक न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अमृत लाल से स्पष्टीकरण तलब किया साथ ही फार्मासिस्ट को प्रतिकूल प्रविष्टि का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने वहां पर स्टॉक रजिस्टर में कितनी दवायें हैं तथा कौन-कौन सी दवायें दी जा रही है, का रिकार्ड सही न मिलने पर वहां के फार्मासिस्ट को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहां पर कितने डॉक्टर है कि जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी से ली तथा कहा कि डॉक्टरों को दो शिफ्टों में ड्यूटी लगायी जाये तथा वहां उपस्थित मरीजों से इलाज और दी गयी दवाओं की जानकारी ली। इसके बाद चल रहे टीकाकरण का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि टीकाकरण में कोई भी लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन, जिला विकास अधिकारी ए.के मौर्या, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

17 राज्यों के 179 इलीट इंडिया रैंकिंग खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

प्रयागराज, (संवाददाता)। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम संजय गुप्ता स्मृति राष्ट्रीय स्क्वैश सर्किट प्रतियोगिता 12 से 14 नवम्बर तक अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (मेयोहॉल) में आयोजित की जायेगी। जिसका उद्घाटन स्थानीय शटलर एवं अर्जुन अवार्डी अभिन्न श्याम गुप्ता करेंगे। इस प्रतियोगिता में 17 राज्यों के 179 इलीट इंडिया रैंकिंग खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता अध्यक्ष जस्टिस डीपी सिंह (रिटायर्ड) ने बताया कि प्रतियोगिता में 11 विभिन्न श्रेणियों में 18 टॉप 10 इंडिया रैंकिंग खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेता को 23500 रुपये एवं उपविजेता को 14500 रुपये की धनराशि मिलेगी। जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी को छह हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा इसमें बालक एवं बालिका वर्ग के भी मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि एक लाख पुरस्कार राशि वाली इस प्रतियोगिता को बालक एवं बालिका वर्ग में पांच भागों में बांटा गया है। इसमें अंडर-11, 13, 15, 17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में मुकाबले होंगे। इसके अलावा पुरुष एवं महिला ओपन के भी खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें सतीश चतुर्वेदी को अध्यक्ष, विकास तलवार को निदेशक मो. साबिर को समन्वयक बनाया गया है।

विद्यालय मे महीनों से नही मिल रहा नौनिहालों को एमडीएम, आक्रोश

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। सांगीपुर ब्लाक के पूरे नरायनदास के एक विद्यालय मे कई महीनो से एमडीएम न बनने को लेकर अभिवावको तथा बच्चों मे नाराजगी व्याप्त हो उठी है। सरकारी विद्यालय मे पिछले कई महीनों से एमडीएम न बनाये जाने को लेकर अभिवावको ने एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपा है। सूत्रों के मुताबिक विद्यालय मे एक सौ सैतालिस बच्चे पंजीकृत है। इनमे से अधिकांश बच्चों का कहना है कि विद्यालय मे एमडीएम का भोजन न मिलने से इन्हें घर से टिफिन लाना पड़ता है। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिप्रसाद मिश्र का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोटेदार द्वारा एमडीएम का राशन नही दिया जा रहा है। अधिकारियों पर दबाव बनाने के चलते कभी कभी औपचारिक राशन भेज दिया जाता है। प्रधानाध्यापक के मुताबिक उन्होनें समस्या को लेकर विभागीय अफसरो को भी लिखित जानकारी दे रखी है। एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह ने क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक को जांच कर आख्या तलब की है।

प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में रानी रेवती देवी के मेडल प्राप्त छात्र हुए सम्मानित

प्रयागराज, (संवाददाता)। रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, राजापुर में प्रतापगढ़ में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव के पदक प्राप्त छात्रों एवं उनको मार्गदर्शन करने वालों को प्रधानाचार्य ने गुरूवार को सम्मानित किया। संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि विद्या भारती काशी प्रांत द्वारा लालगंज अझारा, प्रतापगढ़ में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव (संस्कृति बोध प्रश्नमंच) में रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के छात्रों की तरुण वर्ग की टीम के ऋषभ पांडे, आदित्य झा एवं निहाल कुमार ने प्रश्नमंच में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित कर अपना दबदबा कायम रखा। इसी प्रकार बाल वर्ग के प्रश्नमंच की टीम के मृत्युंजय शुक्ला, कार्तिकेय मिश्रा एवं प्रशांत यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल एवं किशोर वर्ग के प्रश्नमंच की टीम के प्रवीण शर्मा, देवांश मिश्रा एवं अनुराग यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अर्जित किया। छात्रों की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने आज समस्त विजयी छात्रों एवं मार्गदर्शन करने वाले अध्यापकों दिनेश कुमार शुक्ला, संतोष कुमार तिवारी एवं जितेंद्र कुमार तिवारी को माल्यार्पण करके उनको सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि सभी छात्र आगे क्षेत्रीय प्रतियोगिता हेतु अपनी तैयारी में पूरी लगन के साथ जुटे रहें और इसी तरह स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन करते रहें।

जीवन का सत्कर्म ही भगवान का सच्चा वरदानःपं. अरूणेश

❑ भागवत कथा में प्रमोद तिवारी को श्रीकृष्ण के चित्र के साथ मिला शुभाशीष

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। बाबा घुइसरनाथ के समीप नौवानार मे हो रही भागवत कथा मे भगवान की भक्ति का गुरूवार को आस्थामय वातावरण दिखा। कथाव्यास पं. अरूणेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रभु का वरदान भी सदैव मानव जीवन को सतकर्म के लिए मिला करता है। उन्होंने मुचकुंद की कथा का उदाहरण रखते हुए कहा कि मुचकुंद ने भगवान श्रीकृष्ण के दिये गये वरदान मे प्रलोभन से अलग हटकर केवल प्रभु से भक्ति की साधना का वरदान मांगा। वहीं बुधवार की शाम कथा के दौरान पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी कथास्थली पहुंचे। श्री तिवारी ने स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से कथाव्यास पं. अरूणेश त्रिपाठी के द्वारा क्षेत्र मे मंगल कथा को लेकर अभिषेक किया। वहीं कथाव्यास ने भी प्रमोद तिवारी को भगवान कृष्ण का चित्र भेंटकर लोकमंगल के उनके ध्येय की सफलता को लेकर शुभाशीष सौंपे। कथा के संयोजक पं. केसरीनंदन शुक्ल के संयोजन मे श्रीमद्भागवत भगवान की भव्य आरती उतारी गयी। सह संयोजक साहित्यकार अंजनी अमोघ ने अतिथियो व श्रद्धालुओं का मांगलिक टीका किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सीमा शुक्ला, कामिनी शुक्ला, श्रीनारायण तिवारी, मुन्ना परिहार, अनुभव तिवारी, प्रदीप मिश्र, भूपेंद्र तिवारी काजू, शास्त्री सौरभ, शुभम श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, देवमणि तिवारी, पंकज शुक्ल, रामेन्द्र मिश्र आदि रहे। सह संयोजक अमित शुक्ल ने श्रद्धालुओं का आभार जताया।

आज मनेगी पूर्व विधायक एवं शिक्षाविद पं.रामअंजोर मिश्र की जयंती

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। शिक्षाविद एवं पूर्व विधायक स्व.पं.रामअंजोर मिश्र की एक सौ सातवीं जयंती आज शुक्रवार को स्थानीय राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज मे प्रातः दस बजे से समारोहपूर्वक मनाई जाएगी। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी शामिल होगें। समारोह की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी करेगें। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल ने दी है। गौरतलब है कि पूर्व विधायक स्व.पं.रामअंजोर मिश्र ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे डिग्री कालेज समेत विभिन्न विद्यालयो की स्थापना की थी। इसके तहत परंपरागत संस्थापक दिवस समारोह मे इण्टर कालेज समेत स्व.मिश्र द्वारा संचालित अन्य शिक्षण संस्थानो का भी कार्यक्रम मे प्रतिभाग को लेकर यहां गुरूवार से ही उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गुरूवार को हुई बैठक मे डा. वीरेन्द्र मिश्र, डा. सौरभ मिश्र, डा. पूर्णिमा मिश्रा, सुशीला मिश्रा, प्राचार्य डा. शैलेन्द्र मिश्र, प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय, प्रधानाचार्या गीता मिश्रा व प्रधानाचार्य वैद्यनाथ त्रिपाठी ने कार्यक्रम की सफलता पर मंत्रणा की।

महिला की पिटाई का आरोप, पुलिस को तहरीर

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। सांगीपुर थाना के सिलौधी निवासी पवन कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि ग्यारह नवंबर को सुबह चार बजे उसकी पत्नी मनीषा सिंह शौच को गयी थी। पीडित का कहना है कि उसके घर छः नवंबर को चोरी की घटना हुई थी। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से किया था। आरोप है कि रंजिश के चलते बादशाहपुर गांव के एक आरोपी ने पीडित की पत्नी पर हमला कर दिया था। आरोप है कि पीड़िता का आरोपी सोने की चेन छीनकर भी भाग निकला।

अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा

प्रतापगढ़ जिला संवाददाता। दुर्घटना मे लापरवाही पूर्वक वाहन से टक्कर के जरिए चुटहिल होने पर पीडित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली के देवापुर कैथौला निवासी रामअधार के पुत्र देशराज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सात अक्टूबर को शाम सात बजे उसके दादा रामप्रसाद कैथौला बाजार से घर वापस आ रहे थे। इसी समय सामने से तीव्र गति से आ रही एक बाइक ने दादा को जोरदार टक्कर मार दी।

उत्साह के साथ चल रहा भाजपा का सदस्यता अभियान : लक्ष्मणाचार्य

3891 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

प्रयागराज, (संवाददाता)। भाजपा सिविल लाइन कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर महानगर के सभी प्रकोष्ठ मोर्चा विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मणाचार्य ने कहा कि पूरे प्रदेश में उत्साह एवं उमंग के साथ सदस्यता अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा भाजपा की सदस्यता अभियान और लोग भाजपा की सदस्यता से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा एवं व्यापार प्रकोष्ठ सहित अन्य प्रकोष्ठ एवं प्रकल्प के पदाधिकारी अपने अपने दिए गए दायित्वों का निर्वहन कर लोगों को जोड़ने का कार्य करें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि आज से 30 तारीख तक विशेष सदस्यता अभियान के अंतर्गत सभी मोर्चा प्रकोष्ठ विभाग के पदाधिकारी अपने अपने लक्ष्य को पूरा करें। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने कहा कि पार्टी द्वारा निर्धारित 7505403403 मोबाइल नंबर द्वारा आज खुल्दाबाद मंडल, राजरूपपुर मंडल, प्रीतम नगर मंडल, मुट्ठीगंज मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा व किसान मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान का शिविर लगाया गया। जिसमें 3891 लोगों को सदस्यता से जोड़ा गया। बैठक में मुख्य रूप से कुंज बिहारी, देवेश सिंह, राजेश केसरवानी, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, सुभाष वैश्य, राघवेंद्र सिंह, नरसिंह, मनोज कुशवाहा, रोहित पांडेय, शिखा रस्तोगी, राजेश सोनकर, राजेश गुप्ता एवं सभी प्रकोष्ठ प्रकल्प मोर्चा के संयोजक एवं अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम की मनाई गई जयंती

चूहापीरन गांव स्थित स्कूल में बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

देवीगंज, कौशाम्बी, (संवाददाता)। देश के पहले शिक्षा मंत्री व भारत रत्न अबुल कलाम आजाद कि जयंती विकास खण्ड कड़ा के चूहापीरन गांव स्थित कारी सैय्यद सिद्दीक अहमद इंटर कालेज में मदरसों के बच्चों के साथ मनाई गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर मुस्ताक अहमद रहे कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तमजीद अहमद ने कहा कि अबुल कलाम आजाद का पूरा जीवन देश कि एकता और अखंडता को मजबूत करने में गया और उन्होंने देश में शिक्षा कि ऐसा बीज बोया कि आज भी उसका फल सब को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने देश के लिए अपना पूरा जीवन जिया और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों का पालन करना चाहिए। वाइस चेयरमैन अली अहमद ने कहा मुल्क को एकता के धागे में पिरोने में अबुल कलाम आजाद का अहम योगदान रहा है और आज भी देश का युवा ये मानता है कि शिक्षा के छेत्र में उन्होंने एक अलख जगाया है। कार्यक्रम का संचालन ओपी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता मो शाहिद सिद्दीकी, वाइस चेयरमैन कैसर अब्बास नकवी, रवि शंकर त्रिपाठी,सरफराज आलम, इब्ने हसन अहशन अजीज, गुलाम मोहम्मद, हबीब अहमद, रवि शुक्ला, राजू कुशवाहा, अजीम अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।

मछली रखने से मना करने पर दबंगों ने चलाये ईट पत्थर

कौशाम्बी, (संवाददाता)। सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा गांव मे तालाब से मछलियों को निकाल कर एक वृक्ष के पास रखने का विरोध करने पर दंबगों ने घर में चढ कर ईट पत्थर से हमला बोल दिया जिसमें परिवार के तीन लोग जख्मी हो गए पीड़ित पक्ष ने मामले की तहरीर सैनी पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा गांव निवासी दिवाकर त्रिपाठी पुत्र शैलेंद्र ने गुरुवार को सैनी कोतवाली पुलिस को दिए गए तहरीर के हवाले से गांव के कुछ लोगो पर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के बाहर एक वृक्ष है तभी तालाब से कुछ लोग मछली पकड़ कर वृक्ष के पास रखने लगे। दिवाकर त्रिपाठी ने देखा तो इस बात का विरोध किया । जिसको लेकर दबंगों ने मारपीट करना शुरू कर दिया ।दिवाकर दबंगो के चंगुल से निकलकर किसी तरह से घर पहुंचा इस दौरान आधा दर्जन से अधिक लोगों ने ईट पत्थर चलाना शुरु कर दिया। हमले में दिवाकर का चचेरा भाई अंबुज, अरुन, मां ब्रज रानी देवी जख्मी हो गई। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चोटिल हुए सभी लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई में जुट गयी है।

फिरासत हुसैन गामा को सपा में राष्ट्रीय सचिव बनाने पर कौशाम्बी में जशन

कौशाम्बी, (संवाददाता)। अखिलेश यादव ने अपने विश्वासपात्र फिरासत हुसैन गामा को बनाया राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उन्हे स्थान दिया है जो उनके विश्वासपात्र हैं चाहें वो मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिध्दार्थ सिंह हो या मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय सचिव फिरासत हुसैन गामा इन दोनों पर सपा सरकार में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी थी सरकार में सिध्दार्थ सिंह आवास विकास के उपाध्यक्ष थे तो फिरासत हुसैन गामा विकास प्राधिकरण के सदस्य अब 2022 के विधान सभा चुनाव को देखते हुए यूथ की ज्यादा जिम्मेदारी को सुनिश्चित रखने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी का महत्वपूर्ण सगठन जो मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड के नाम से है 2022 में नेता जी के आशिर्वाद से ही सरकार बनेगी जिसके मुख्यमंत्री अखिलेश यादव होंगे ऐसे समय में संगठन का विस्तार करना और उस पर नजर रखना अपने आप में महत्वपूर्ण है।

वाहन चलाते समय सावधानी बरतें वाहन चालकः यातायात पुलिस

वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाएंः रवींद्र त्रिपाठी

कौशाम्बी, (संवाददाता)। यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर गुरुवार को वाहनों की चेकिंग कर तमाम गलत वाहनों का चालान कर जुर्माना वसूला है इस दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को निर्धारित सीमा में वाहन चलाने का निर्देश दिया है निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप यातायात निरीक्षक रविंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में गुरुवार को जनपद के अलीपुर जीता, घोसियाना, देवीगंज चौराहा, कड़ा धाम मोड़, रोही चौराहा कोखराज टोल बूथ सकाड़ा चौराहा मंझनपुर चौराहा, ओसा चौराहा आदि स्थानों पर प्रमुख रूप से दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी वाहनों के रजिस्ट्रेशन न होने चार पहिया में प्रेसर हॉर्न वाहनों के बैक लाइट न होने पर चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए चेकिंग की गई तथा वाहन चालकों को यातायात के नियमों से जागरूक करते हुए दोपहिया वाहनों पर दो ही सवारी चलने के निर्देश दिए गए हैं यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत चालक एवं सवार दोनो को हेलमेट धारण करने के निर्देश यातायात पुलिस द्वारा दिए गए हैं तथा वाहनों में यथाशीघ्र हाई सिक्योरिटी नंबर

लाल टोपी के परिवार वाले ले जाते थे साइकिल : स्वामी प्रसाद

✓ उप्र भवन एवं अन्य सन्निनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के आयोजन में बोले श्रम सेवायोजन एवं समंवय मंत्री

शिक्षा सहायता योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को चेक सौंपते कैबिनेट मंत्री

फतेहपुर, (संवाददाता)। श्रम सेवायोजन एवं समंवय मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या ने गुरुवार सपा पर तीखा हमला बोला। पंजीकृत मजदूरों के बच्चों को साइकिल दिलाने का दम भरते हुए कैबिनेट मंत्री ने लाल टोपी पर सवाल दागे।

कहा कि पहले लाल टोपी पहनने वालों के बच्चों को ही साइकिल मिलती थीं। अब यह भेदभाव नहीं होगा। नवोदय विद्यालय की तर्ज पर अटल आवासीय विद्यालय खोले जाने की बात करते हुए श्रमिक के इलाज में खर्च की जाने वाली रकम की सीमा खत्म किए जाने की जानकारी दी। शहर के ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय में उप्र भवन एवं अन्य सन्निनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के कार्यक्रम में शिरकत लाए कैबिनेट मंत्री ने श्रमिक उत्थान का हवाला देते हुए विरोधी पार्टी सपा को निशाने पर रखा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने आम जनता के लिए काम किया है। ऐसा पूर्व की सरकारों से नहीं हो सका। सपा कार्यकाल में तो अकेले लाल टोपी लगाने वाले परिवार के बच्चों को मुफ्त साइकिल मयस्सर थीं। हमारी सरकार ऐसा नहीं कर रही है। सरकार ने अटल आवासीय विद्यालय खोलने का फैसला लिया है। यह नवोदय की तर्ज पर होंगे। हरेक मंडल में एक विद्यालय खोला जाएगा, जिसमें एक-एक हजार बच्चों को तालीम दी जाएगी। आवासीय सुविधा से लैस इन विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक की शिक्षा दी जाएगी। श्रम मंत्री ने आवास विहीन पंजीकृत मजदूरों की खोजबीन करके उन्हें आवासीय सुविधा से आच्छादित करने का जिम्मा श्रम विभाग को सौंपा। यह भी बताया कि 55 हजार की मदद श्रमिकों की बेटियों में की जा रही है। सामूहिक विवाह में नियमत 65 हजार खर्च किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में 5304 लाभार्थी बुलाए गए। शिक्षा, मातृ एवं शिशु, विवाह, मृत्य पेंशन, चिकित्सा एवं शिक्षा योजनाओं तीन करोड़ 21 लाख 72 हजार 606 का खुलासा किया गया। कार्यक्रम में कारागार राज्यमंत्री जयकुमार जैकी, विक्रम सिंह, करण सिंह, कृष्णा पासवान, ज्योति प्रवीण, गायत्री सिंह, सुधा मौर्या दिनेश बाजपेई, रवि कांत मिश्रा, लालू मौर्या, अजय सिंह रिंकू लोहारी भी मौजूद रहे।

12 को जनपद आएगी गंगा मशाल यात्रा

फतेहपुर, (संवाददाता)। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर गंगा बेसिन के जिलों में आठ नवंबर से 26 नवंबर तक गंगा मशाल यात्रा ऋषिकेश से प्रारंभ होकर बक्खाली बीच तक जाएगी। गंगा मशाल यात्रा का आगमन जनपद में 12 नवम्बर को निर्धारित है। उन्होने बताया कि प्रातः 09.30 बजे घाट पर गंगा मशाल लेकर आने वाले अतिथियों का माल्यर्पण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी करेंगे। प्रातः 09.45 बजे अतिथियों को ओम घाट के हाल में प्रभारी निदेशक सामाजिक वानिकी जलपान कराएंगे। प्रातः 10 बजे अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का सम्बोधन होगा। 10.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता के जरिए डा. कलाम के आयामों को दर्शाया

विद्यालय की प्राचार्य ने प्रथम शिक्षा मंत्री की सेवाओं पर डाला प्रकाश

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं

फतेहपुर, (संवाददाता)। डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिवस पर प्राचार्या डॉ0 अपर्णा मिश्रा के संरक्षण में पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन उर्दू विभाग ने किया। छात्राओं ने पोस्टर एवं निबंध के माध्यम से अबुल कलाम आजाद की साहित्यिक एवं राजनीतिक जीवन से संबंधित विभिन्न आयामों को दर्शाया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्राचार्य डॉ अपर्णा मिश्रा ने अबुल कलाम आजाद की शिक्षा संबंधी सेवाओं पर रोशनी डालते हुए कहा कि आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों, प्राइमरी और माध्यमिक स्कूलों की स्थापना करके अबुल कलाम आजाद ने देश हित में बहुत बड़ा कार्य किया है। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। छात्राओं को संबोधित करते हुए अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ0 प्रशांत द्विवेदी ने कहा कि प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने मुस्लिमों का प्रतीक बनकर भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तान जाने से रोका, वह धर्म के आधार पर भेदभाव और बंटवारे के पक्ष में नहीं थे। वह अखंड भारत के पक्षधर थे। पोस्टर का मूल्यांकन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ0 शोभा सक्सेना, इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 मीरा पाल तथा समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ0 बसंत कुमार मौर्य ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अलशिफा ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की वरदा रियाज, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा खुशनुमा ने द्वितीय स्थान तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा शमशाद बानो ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर डॉ0 गुलशन सक्सेना, डॉ0 शकुंतला, डॉ0 रेखा वर्मा, डॉ0 रमेश सिंह, डॉ0 उत्तम कुमार, डॉ0 चारु मिश्रा, डॉ0 शरद चन्द्र राय, डॉ0 हेमंत कुमार निराला, डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 प्रतिमा गुप्ता, डॉ0 ज्योति कुमारी, अशोक कुमार कश्यप एवं पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन उर्दू विभागाध्यक्ष जिया तसनीम ने किया।

बी पाजिटिव रक्तदान कर मरीज की बचाई जान

ब्लड बैंक में रक्तदान करते एक्टिव मेंबर

फतेहपुर, (संवाददाता)। रक्त की कमी से जूझ रहे एक मरीज को सर्व फार ह्यूमैनिटी के एक्टिव मेंबर ने बी पाजिटिव रक्तदान करके जीवन बचाने का काम किया। उनके इस कार्य की सभी ने प्रशंसा की। रक्तदाता ने मरीज से मिलकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

शहर के कचेहरी रोड निवासी स्व. रामधनी का 40 वर्षीय पुत्र शिवबली के पैर में फैक्चर है। वर्तमान में उनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। मरीज का हीमोग्लोबिन 2.3 है। जिस कारण मरीज को डॉक्टर ने एक यूनिट बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता बताई। मरीज की माता राम दुलारी जिला अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत हैं। वह काफी परेशान थीं क्योंकि उनके पास रक्तदान करने वाला कोई नहीं है। वह जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंची और बताया कि बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है लेकिन जिला अस्पताल में बी पॉजिटिव ब्लड न होने के कारण उनको मना कर दिया। मरीज की मां को परेशान देख ब्लड बैंक इंचार्ज अशोक शुक्ला ने कॉल करके सर्व फार ह्यूमैनिटी को सूचित किया और केस ग्रुप में डाला। केस डालते ही ग्रुप से जुड़े ममता फाउंडेशन के अध्यक्ष नितेश श्रीवास्तव तुरंत रक्तदान के लिए तैयार हो गए। जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंच कर अपना पांचवा स्वैछिक रक्तदान किया। मरीज से मिलने वार्ड में गए और सभी से निवेदन है जिला अस्पताल में बी पॉजिटिव व ए बी पॉजिटिव ब्लड की कमी है अगर कोई रक्तदान करना चाहे जिला अस्पताल में जाकर स्वैच्छिक रक्तदान कर सकता है। जिससे रक्त जरूरतमंद को मिल सके और किसी की जान बच जाए। इस मौके पर टीम से गुरमीत सिंह, ब्लड बैंक स्टाफ अशोक शुक्ला, ब्रजेश, दीपाली वर्मा उपस्थित रहे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग आज

फतेहपुर, (संवाददाता)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 एवं पुनरीक्षण के संबंध में कल (आज) अपराह्न 02 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समस्त नोडल अधिकारियों के साथ की जाएगी। उन्होने अधिकारियों से एजेंडा बिंदु के अनुसार औद्यतन सूचना के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रतिभाग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अभियंताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

सोनभद्र, संवाददाता। उत्तरप्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ एवं उत्पादन निगम अधिकारी एसोसिएशन शाखा अनपरा ने गुरुवार को प्रोन्नत अभियंताओं को बगैर दोष साबित हुए पदावनत किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए अनपरा सीजीएम के माध्यम से एमडी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अभियंताओं ने परियोजना के मुख्य द्वार के समक्ष नारेबाजी की। अधिकारी एसोसिएशन के राजकुमार सिंह, पीयूष राय एवं अभियंता संघ के सचिव रोहित राय ने कहा कि वर्ष 2007-08, 09 में नियुक्त सहायक अभियंताओं की अंतिम पारस्परिक ज्येष्ठता सूची निर्गत की गई थी। जो नियमावली वर्ष 1998 के अनुरूप उचित है। सीधी भर्ती से नियुक्त अभियंताओं की जारी अंतिम पारस्परिक ज्येष्ठता सूची पर आपत्तियां मांगी गई थी। उसके बाद से मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। पुनः इस पर आपत्ति मांगना औचित्यहीन है। बगैर किसी का दोष साबित हुए प्रोन्नत अधिशासी अभियंताओं का पदावनत किया जाना दूषित मानसिकता है।

आपसी सौहार्द के प्रतीक होते हैं पर्व : चौधरी राजेश

दीपावली मिलन समारोह में गले मिल एक-दूसरे को दी बधाई

गले मिलकर पर्व की बधाई देते जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव

फतेहपुर, (संवाददाता)। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के बैनर तले गुरूवार को जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उट्टूपुर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महासभा के पदाधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय लोगों ने मिलकर एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने कहा कि पर्व आपसी सौहार्द के प्रतीक होते हैं। पर्वों को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की बधाई दी। जहानाबाद विधानसभा के ग्राम उट्टूपुर में मान सिंह यादव की अध्यक्षता में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने शिरकत की। इसके अलावा समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दी। तत्पश्चात व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि पर्व आपसी भाईचारे व सौहार्द के प्रतीक होते हैं। भारतीय संस्कृति में पर्वों का विशेष महत्व है। सभी धर्मों के लोग अलग-अलग पर्व मनाते हैं लेकिन यह पर्व भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए मनाने चाहिए। उन्होने कहा कि पर्वों में पुराने गिले-शिकवे दूर करने चाहिए। उन्होने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए आगामी दिनों में होने वाले अन्य पर्वों को भी मिल-जुलकर मनाने की अपील की। इस मौके पर जिला सचिव नर सिंह यादव, पूर्व प्रधान शिव सिंह यादव, शैलेंद्र यादव, युवा जिलाध्यक्ष सुघर सिंह, वीरन यादव भी मौजूद रहे।

सीताहरण की लीला देख दर्शक हुए भाव-विभोर

विजयीपुर/फतेहपुर, (संवाददाता)। क्षेत्र के सिलमी गांव में चल रही रामलीला के तत्वाधान में बुधवार की रात सीताहरण की लीला का मंचन कलाकारों ने किया। लीला देखकर दर्शक भाव-विभोर हो गए। रामलीला की शुरुआत माँ सीता की वंदना से शुरू हुई। इसके बाद भगवान राम का अत्रि मुनि के आश्रम जाना, फिर माता अनुसुइया द्वारा सीता माता को सदाचार की बातें बताने की लीला हुई। सुदीक्षण को दर्शन, कुंभज ऋषि के आश्रम जाना, लक्ष्मण के द्वारा सूर्पनखा की नाक काटने की लीला देख दर्शक अपनी हंसी नहीं रोक पाए। इसके बाद खर दूषण बध, मारीच का माया मृग बनना और रावण द्वारा सीता का हरण आदि का मंचन किया। रामलीला में कमेटी के अध्यक्ष शिवेश त्रिपाठी, कल्लू सिंह, आशीष यादव, देवीदीन यादव, सोनू तिवारी, राजा यादव, बचान गुप्ता, रज्जन तिवारी, अजय सिंह, गोरेलाल, राजू बाजपेई, अनंत यादव, रिंकू सिंह, मुकेश, प्रीतू, मुन्ना यादव, अनिल सिंह, श्याम बिहारी गुप्ता, अमित मिश्रा, दुर्गेश त्रिवेदी,आशीष, घूरे यादव, मुन्ना आदि लोग उपस्थित रहे।

15 नवंबर तक करें आवेदन

फतेहपुर, (संवाददाता)। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में मलिका-ए-गज़ल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो उनको बेगम अख्तर पुरस्कार से सम्मानित किए जाने हेतु जनपद के पात्र महानुभावों के नामांकन 15 नवम्बर तक उपलब्ध कराने हेतु मांगे गए हैं। जिससे समिति उनके नामों पर नियमानुसार विचार कर सके।

124 बिजली अभियंताओं की पदोन्नति की गई निरस्त

सोनभद्र, संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम में विगत दो नवंबर को धनतेरस के दिन वर्ष 2008 बैच के सहायक अभियंताओं की अधिशासी अभियंता के पद पर प्रोन्नति निरस्त कर दी गई है। पदोन्नति के आठ दिन बाद ही निगम प्रबंधन द्वारा 10 नवंबर की देर शाम पूर्व आदेश को निरस्त कर दिया। अधिशासी अभियंता से सहायक अभियंता के पद पर पदावनत कर दिए जाने के विरोध में बिजली अभियंताओं ने अनपरा ओबरा सहित पूरे प्रदेश में विरोध सभा कर निगम प्रबंधन के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया। आरोप लगाया कि निरस्तीकरण का आदेश 10 नवंबर को देर शाम अवकाश के दिन किया जाना प्रबंधन के दूषित एवं तानाशाह रवैया को दर्शाता है। विदित हो कि लंबे समय से प्रोन्नति की आस लगाए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम वर्ष 2008 बैच (ईएंडएम) और 2011 बैच (सिविल) के 124 सहायक अभियंताओं को दीपावली से दो दिन पहले अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नति का तोहफा दिया था। कुल 124 अभियंताओं की पदोन्नति में 26 ओबरा के थे। स्थानीय तापीय परियोजना ओबरा में ऊर्जा भवन के समक्ष हुई सभा में अभियंताओं ने चयन वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में सीधी भर्ती से नियुक्त सहायक अभियंताओं को प्रोन्नति आदेशों को बिना किसी बदलाव के अक्षरशरू लागू किए जाने की मांग की। जो कि पूर्णरूपेण विनियमावली वर्ष 1998 के अनुरूप है एवं पूर्णतया उचित है। यह भी कहा कि वर्ष 2008 में सीधी भर्ती से नियुक्त सहायक अभियंताओं की अंतिम पारस्परिक ज्येष्ठता सूची पूर्व में भी निर्गत की गई थी। जिसमें आपत्तियां भी मांगी गई थी। उक्त के पश्चात प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

फतेहपुर यूनाइटेड ने 2-0 से जीत दर्ज कर ट्राफी पर किया कब्जा

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का किया अभिवादन

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते मुख्य अतिथि आरिश सिद्दीकी

फतेहपुर, (संवाददाता)। शहर के मुस्लिम इंटर कालेज ग्राउंड पर चल रहे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच फ़तेहपुर यूनाइटेड बनाम यंग बॉयज़ के बीच खेला गया। जिसमें फ़तेहपुर यूनाइटेड ने यंग बॉयज़ की टीम पर 2-0 से जीत दर्ज कर पहले फुटबॉल नाईट टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का अभिवादन किया। फ़तेहपुर यूनाइटेड ने गेम की शुरुआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया लेकिन यंग बॉयज़ की रक्षा पंक्ति ने कई प्रयास विफल कर दिए। पहला गोल कप्तान उम्र नासिर ने पहले हॉफ के अंतिम क्षणों में माहिम और हमज़ा के बेहतरीन पासो की मदद से किया। दूसरा गोल हमज़ा ने माहिम के दिए गए सटीक पास की बदौलत किया। मैच के दौरान आये दर्शकों ने यंग बॉयज़ के रज़ा और आतिफ के खेल की जमकर सराहना की। इस मौक़े पर मुख्य अतिथि आरिश सिद्दीकी ने सभी खिलाड़ियों का अभिवादन किया। युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद से ऐसे खिलाडी निकलें जो जिले का नाम मंडल स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक रोशन करें। इसी कामना के साथ जिला फुटबॉल के सचिव आसिफ जुबैर का धन्यवाद दिया और सहयोग प्रदान करते रहने का आश्वासन भी दिया।

उगते सूरज को अर्ध्य देकर छठ व्रत का पारण

पूर्वांचल के पर्व की दो-आबा के सरजमीं में कई जगह दिखाई दी रौनक

फतेहपुर, (संवाददाता)। पूर्वांचल के महापर्व छठ पूजा के आखिरी दिन उदीयमान सूर्य को अर्ध्य दिया गया। श्रद्धालओं ने विधि विधान से भाष्कर की बहन छठ मैया की उपासना की। भोर पहर ही नदी व तालाब किनारे श्रद्धालु जा पहुंचे। मौसम की परवाह किए किए बगैर ऊषा अर्ध्य दिया गया।

यह नजारा देखते बना। जिले में यूं तो इस पर्व को मनाने वाला तबका संकुचित है लेकिन पूर्वांचल के इस महापर्व की छटा यहां पर भी देखने को मिलती है। यही वजह रही कि पीएसी परिसर से लेकर राधा नगर बस्ती तक इस पर्व की मौजूदगी का अहसास होता रहा। छठ पूजा के चौथे दिन सुबह छह बजकर 41 मिनट पर सूर्य को अर्ध्य देने के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था उबाल मारती नजर आई।

दीप और धूप से सूर्य की पूजा का संगम देखने वाला रहा। तांबे के लौटे में लाल फूल, कुमकुम, हल्दी डालकर सूर्य को जल अर्पित किया गया। ऊषा अर्ध्य के बाद पारण किया गया।

जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी बिरसा मुंडा की जयंती

सोनभद्र, संवाददाता। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इसके क्रम में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए क्षेत्र में एक माह तक जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। सेवाकुंज आश्रम के प्रांत सह संगठन मंत्री आनंद ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जन जातीय समाज का बहुमूल्य योगदान रहा है। सैकड़ों जन जातीय क्रांतिकारियों ने देश के स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। भगवान विरसा मुंडा उन्हीं क्रांतिकारियों में अग्रणी हैं। जल-जमीन और जंगल रक्षा और अपने धर्म संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष करने वाले बिरसा मुंडा को जनजातीय अस्मिता का नायक माना गया है, इसलिए उनके जीवन काल से ही इन्हें धरती का भगवान कहते हैं। आजादी की लड़ाई में जनजातीय समाज के गौरवशाली योगदान को याद करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय समाज और कल्याण आश्रम जनजातीय गौरव दिवस के रूप में कई वर्षों से मनाता आ रहा है। कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय न केवल बिरसा मुंडा बल्कि सिदो कानो, तिलकामांझी, टांटयाभिल, राघोजी भांगड़े, तलक्कल चंदू, वीर रघुनाथ मंडलोई, रानी गाई दिन्ल्यू के अलावा सोनभद्र के दुद्धी तहसील के नगंवा गांव निवासी सुखलाल खरवार, जगरनाथ खरवार, पूरन खरवार, बोधा पनिका तथा बभनी ब्लाक के बकुलिया निवासी शनिचर खरवार, नंदलाल गोंड आदि स्वतंत्रता सेनानियों को भी मान्यता मिलती है। बताया कि इस दौरान वनवासी कल्याण आश्रम एक माह तक अभियान चलाकर गांव गांव में भारत माता का कैलेंडर, हनुमान लाकेट, वनवासी महापुरुषों की जीवनी पत्रिका का वितरण करेगे। इसका प्रारंभ 15 नवंबर से किया जाएगा।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं: 5020212022
दिनांक: 09.11.2021

मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 15.12,2021 को 13.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

क्र. सं.	निविदा सं.	कार्यों का विवरण	अनुमानित मूल्य (रू)	कार्य समापन की अवधि	निविदा खुलने की तिथि	सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार
1	128	वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/ द्वितीय/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज के अधीन प्रयागराज-कानपुर के मध्य सैण्डहम्प/ ओवररन्स के कार्य का प्रावधान।	₹ 6,08,34,508.44	24 (चौबीस) माह	15.12.2021	पी0 वे0 का कार्य
2	129	वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/ द्वितीय/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज के क्षेत्राधिकार में प्रयागराज-कानपुर सेक्शन में थ्रू रेल रिन्यूवल (प्राइमरी) का कार्य हेतु।	₹ 1,94,35,880.80	12 (बारह) माह	15.12.2021	पी0 वे0 का कार्य
3	130	वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/ द्वितीय/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज के क्षेत्राधिकार में कम्पलीट ट्रैक रिन्यूवल (सेकण्डरी) का कार्य।	₹ 3,56,73,385.83	18 (अठारह) माह	15.12.2021	पी0 वे0 का कार्य

नोटः- (1) आन लाइन निविदा **दिनांक 15.12.2021** को **13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। (2) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय **13:30 बजे** टेण्डर खुलने की **तिथि 15.12.2021** तक उपलब्ध है। 1176/21 (A)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRO NCR

खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए सचल निगरानी दस्ता गठित

जौनपुर, संवाददाता। डीएपी को लेकर हो रही मारामारी और सचिवों की हड़ताल से परेशान किसानों को जल्द ही खाद की समस्या से निजात मिलेगी। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने तहसील व ब्लाक स्तर पर सचल निगरानी दस्ता गठित कर दिया है। यह दस्ता खाद की कालाबाजारी रोकने के साथ ही किसानों को जोत के आधार पर खाद का वितरण कराएगा। गुरुवार को वितरण व्यवस्था का सच जानने के लिए आए अपर कृषि निदेशक प्रसार आरबी सिंह ने गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने पीसीएफके गोदाम जासोपुर, विशाल फर्टिलाइजर पचहटिया, मंगला फर्टिलाइजर कटघरा सहित कई खाद के गोदामों का निरीक्षण कर स्टाक का सत्यापन किया।रबी की खेती ने रफ्तार पकड़ ली है। जरूरत के समय साधन सहकारी समितियों पर जहां ताला लटका हुआ है वहीं डीएपी गायब है। अवसर देख प्राइवेट दुकानदार अधिक दामों पर जहां बिक्री कर रहे हैं वहीं नकली खादों की बिक्री का भी अंदेशा बढ़ गया है। समितियों का चक्कर काट रहे किसानों को समस्या से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी की पहल पर जहां हड़ताली कर्मियों से लगातार वार्ता की जा रही है।

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

निविदा सूचना संख्याः- 09-विद्युत्/सा./इला0/21-22 दिनांकः 09.11.2021

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत् अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक **06.12.2021** समय **15:00** बजे तक आमंत्रित करते हैं। निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित हैः-

निविदा सूचना संख्या	कार्य का नाम	काम की लागत (₹)
ELG-12-2021	33 केवी एनसीआर मुख्यालय/सुबेदारगंज, डीएसए, कानपुर, टूंडला और अलीगढ़ में रेलवे की ओर से एबीटी मीटर, सीटी, पीटी और संबंधित कार्यों की स्थापना के लिए विद्युत कार्य।	26,56,863.28

कार्य समाप्त करने की समयावधिः	03 माह ।
निविदा खुलने की तिथिः	06.12.2021 को 15:00 बजे।

नोटः- उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 1179/21(R)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRO NCR

यातायात माह : चौराहों पर जाम होता जा रहा बेलगाम

फतेहपुर, (संवाददाता)। यातायात माह के रूप में नवम्बर माह भले ही प्रचारित हो लेकिन यातायात विभाग की नज़र में नवम्बर माह और उसकी उपयोगिता शून्य से अधिक नहीं है। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा ट्रैफिक पुलिस कर्मियों एवं उनकी सहायता के लिये होमगार्ड के जवान लगाये गये है लेकिन शहर की यातायात व्यवस्था के नाम पर धाक को तीन पात ही नज़र आ रहे है। यातायात विभाग के कर्मियों की मौजूदगी में ही शहर के सभी व्यस्ततम चौराहों एवं उनसे जुड़ी सड़कों पर जाम की समस्या से लोग पीड़ित होते हुए देखे जा सकते हैं। वहीं चौराहों पर तैनात यातायात के ज़िम्मेदार सिर्फ वाहनों की चेकिंग में ही मसरूफ दिखाई देते है। सड़कों पर जाम का कारण सड़कों पर आड़े तिरछे वाहनों की पार्किंग, यातायात नियमों की अवहेलना कर वाहनों को चलाने एवं बेतरतीब तरीके से सड़कों पर गाड़िया लेकर चलने के कारण रोडों पर आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। जिसे नियंत्रित करने के लिए यातायात विभाग की तैनाती की जाती है लेकिन यातायात नियंत्रित करने की जगह ट्रैफिक के ज़िम्मेदार केवल वाहनों की चेकिंग को ही केवल अपना कर्तव्य समझते है। इन्हें सड़को पर लगने वाला जाम दिखाई नहीं देता। जाम से हांफ रहे शहर के ट्रैफिक व्यस्था देखकर नवम्बर माह में मनाया जाने वाला यातायात माह भी बेमायने साबित हो रहा है।

दिव्यांगों की बैठक सोलह को

फतेहपुर, (संवाददाता)। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजनों की एक बैठक 16 नवंबर को अपरान्ह 02.30 बजे कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में आहूत की गई है। बैठक में दिव्यांगजनों की समस्याओं के बाबत चर्चा करते हुए उन्हें योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

बंधी में डूबने से बड़े भाई की मौत, छोटा बचा

सोनभद्र, संवाददाता। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के मंदहा गांव में बुधवार की देर शाम मरहिया बंधी में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। जबकि उसके छोटे भाई को ग्रामीणों ने बचा लिया। दोनों बंधी में पशुओं को पानी पिलाने के लिए गए हुए थे। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के मंदहा गांव निवासी राजन यादव (10) पुत्र धर्मराज व उसका छोटा भाई राहुल यादव (6) गुरुवार को घर से पशुओं को चराने निकले थे। इस दौरान वे पशुओं को पानी पिलाने के लिए बंधी के किनारे गए। पशुओं को पानी पिलाने के दौरान राजन और राहुल दोनों बंधी में फिसल गए और पानी में डूब गए। कुछ दूरी पर रहे किसी ग्रामीण की नजर राहुल पर पड़ी। राहुल को डूबता देख उसने शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण बंधी की ओर दौड़ पडेघ। ग्रामीणों ने बंधी में डूब रहे राहुल को बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल लाया गया, जहां उपचार के बाद उसकी जान बच सकी।

संपादकीय

फिर से छवि मांजने का वक्त

चार साल की सरकार और चार उपचुनाव हारने के बाद लम्हे और लहजा बदलने की सबसे बड़ी दरकार मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के आसपास मंडरा रही है। अंतिम वर्ष की चुनौती में सरकार के पास विभिन्न मुद्राएं और विकास की पायदान पर हस्ताक्षर करने को भिन्न-भिन्न विभाग हैं। आरंभिक तौर पर सड़कों के साथ-साथ तरह-तरह की योजनाओं-परियोजनाओं पर गौर करते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश शिमला के गलियारों में गूंजे हैं, तो वहां मतदाता का आदेश प्रतिध्वनित हुआ। प्रशासनिक तौर पर राजधानी के अक्स में प्रदेश का मुआयना कमजोर रहा है और सरकार के केंद्रबिंदु में नौकरशाही से अफसरशाही तक का दारोमदार भी असफल रहा। मंत्रिमंडलीय बैठक में अगर किसी अधिकारी की जुबान लड़खड़ा जाए, तो चुनौती आंतरिक अनुशासन की भी है। बेशक उपचुनावों के परिणामों ने आश्चर्य के नगाड़े बजा दिए हैं और इनका शोर सचिवालय की हर फाइल से मुखातिब है। सरकारी कार्य संस्कृति का ढर्रा शिमला से निकल कर प्रदेश के दूर दराज इलाकों तक कितना असंवेदनशील हो सकता है या यही वजह थी कि उपचुनावों ने सारे दर्पण तोड़ दिए। उपचुनावों के बाद सरकार को जो भी एहसास हो, लेकिन यह वक्त फिर से छवि मांजने का है। इस बार सारे हाथी जयराम ठाकुर के पास हैं और जिस तरह चुनाव प्रचार हुआ, वही भाजपा के सारथी थे। हमारा मानना है कि दो वर्गों ने मुख्यमंत्री कार्यालय का अनावश्यक दोहन किया और कहीं न कहीं मुख्यमंत्री की शराफत से अपने स्वार्थ के हल जोतते रहे। प्रथम श्रेणी में सुशासन की जिम्मेदारी ओढ़े नौकरशाही का गुण दोष देखना होगा। यह पहला अवसर है जब सरकार के ओहदे में सबसे अधिक नौकरशाह चमके हैं और उन्हें प्रभावशाली मंच मिले। ऐसे में मुख्यमंत्री कोस रहे हैं तो यह वर्ग कठघरे में है। जब राज्य के लक्ष्यों का वृतांत मिलेगा या जनता की शिकायतें पढ़ी जाएंगी, तो शिमला के सचिवालय के कान में रखी रूई हटानी पड़ेगी। यहां वीरभद्र सिंह के प्रयोगों से सीखना होगा। क्यों वीरभद्र सिंह की हर सरकार ने शिमला सचिवालय या राजधानी के कान से रूई निकालते हुए, कभी कुछ प्रमुख कार्यालय प्रदेश भर में स्थानांतरित किए, शीतकालीन प्रवास की परंपरा या बाकायदा एक विधानसभा सत्र की शुरुआत तपोवन से की। मंत्रिमंडल में विभागीय संतुलन से यह तय किया गया कि प्रदेश में बजटीय आबंटन की बराबरी रहे। इस बार स्थिति अलग है। सबसे बड़े कांगड़ा जिला से मात्र दो मंत्रियों के विभागीय दायित्व में राज्य का बजट आबंटन देखा जाए, तो यह सबसे कमजोर कड़ी बन कर दर्ज होता है। इसी तरह संसदीय क्षेत्रों में भी सरकार के चमकदार ओहदों का आबंटन पूरे प्रदेश को अलग-अलग प्राथमिकताएं दर्शाता है। मुख्यमंत्री की शालीनता को चुराने में दूसरी सबसे बड़ी शक्ति आरएसएस की रही है। सरकार के तमाम लाभार्थी व लाभ के पद जिस तरह आरएसएस की पांत में बंटे, उसे नकारा नहीं जा सकता। भले ही मुख्यमंत्री स्वतंत्र और किसी तरह के आंतरिक विरोध से ऊपर रहे हैं, लेकिन उनके ऊपर कई बड़े नेताओं की फिरकी घूम रही है।

राफेल सौदे में घूस!

राफेल लड़ाकू विमान सौदे में भारतीय बिचौलिए को घूस दी गई। क्या दलाली देना और बिचौलिए की भूमिका संभव है, जब भारत और फ्रांस सरकारों के बीच सौदा हुआ है? फ्रांस के एक न्यूज पोर्टल 'मीडिया पार्ट' ने अपनी खोजपरक रपट में यह रहस्योद्घाटन किया है कि राफेल बनाने वाली कंपनी दसॉल्ट एविएशन ने 75 लाख यूरो (65 करोड़ रुपए) की घूस बिचौलिए सुशेन मोहन गुप्ता को दी। यह दलाली मॉरीशस में पंजीकृत बिचौलिए की फर्जी कंपनी के जरिए दी गई। फर्जी रसीदों और बिलों का इस्तेमाल किया गया। पोर्टल में दावा किया गया है कि दलाली की रकम 2007-12 के दौरान दी गई और 2013 तक पूरी घूस दे दी गई। इन सालों में भारत में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। सवाल है कि क्या दलाली के मद्देनजर ही 10 साल तक सौदे पर बातचीत चलती रही और अंततः सौदा नहीं हुआ? जब अधिकृत और संशोधित सौदा 2016 में मोदी सरकार के दौरान हुआ, तो बिचौलिए को पहले ही दलाली कैसे दी गई? दलाली दी गई या कहीं, कोई छिद्र है? दलाली के 65 करोड़ रुपए किस-किस के बीच बंटे? इन सवालों की जांच अभी तक हो जानी चाहिए थी, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता का मुद्दा है। मॉरीशस सुशेन गुप्ता की फर्जी कंपनी के तमाम दस्तावेज अक्तूबर, 2018 में ही सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को भेज चुका था। फिर इन 36 महीनों में घूस का सच क्यों दबा रहा? सवाल यह भी है कि फ्रेंच कंपनी दसॉल्ट ने भी बिचौलिए को घूस क्यों दी? यदि घूस नहीं दी गई, तो फ्रांस सरकार ने भारत सरकार को स्पष्टीकरण क्यों नहीं दिया? फ्रांस सरकार ने मीडिया रपट पर कोई टिप्पणी नहीं की है, हालांकि वहां का न्यायिक आयोग दसॉल्ट की कार्यप्रणाली और सौदों की जांच जरूर कर रहा है। भारत में यह जांच इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि जब प्रवर्तन निदेशालय ने सुशेन गुप्ता के आवास और दफ्तर में छापे मारे थे, तो कुछ बेहद संवेदनशील और गोपनीय किस्म के दस्तावेज बरामद किए गए थे। उनमें तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अरुण जेतली को लिखा खुफिया पत्र, बेंचमार्क मूल्यांकन और रक्षा खरीद संबंधी विमर्श के रक्षा मंत्रालय के दस्तावेज मिले थे। सवाल है कि एक बिचौलिए के पास ऐसे महत्त्वपूर्ण और गोपनीय दस्तावेज कहां से और कैसे आए? ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के उल्लंघन का केस दर्ज क्यों नहीं किया गया? बेशक दलाल सुशेन को जेल भी हुई और धन शोधन का केस भी बनाया गया। उसके बावजूद सुशेन गुप्ता के कारोबार पर ढक्कन क्यों नहीं लगाया गया? बिचौलिए को काली सूची में क्यों नहीं डाल दिया गया?

गौधन को मिले संवैधानिक संरक्षण

प्रताप सिंह पटियाल

देश में गौवंश का तिरस्कार दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि सरकारें गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करें तो गौधन की सुरक्षा के मौलिक अधिकार अवश्य सुनिश्चित होंगे। देश की संपन्नता के लिए गौधन को घर-आंगन की शोभा बनाकर गौवंश के अतीत का गौरवशाली सम्मान लौटाना होगा

भारतीय संस्कृति में गौधन अनादिकाल से आस्था व कृषि अर्थशास्त्र की आधारशिला रहा है। सदियों पूर्व विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति रहे भारत के समस्त भूखंड की खुशहाली तथा समृद्ध अर्थतंत्र की बुनियाद भारतीय गोवंश पर ही निर्भर थी। 'गाय' वैदिक काल से सनातन जीवन दर्शन व परंपराओं में कामधेनु, सुरभि, कपिला, नंदनी व सुभद्रा जैसे स्वरूपों में पूज्य रही है। विश्व गुरू भारतवर्ष की इस पावन धरा पर महर्षि जमदग्नि, भारद्वाज, वशिष्ठ, गौतम व असित जैसे महान् ऋषिगणों ने गोवंश के विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दुनिया के सबसे प्राचीन सहित्य भारतीय वेदों व शास्त्रों में हमारे मनीषियों ने गाय की महिमा को विशेष रूप से प्रतिपादित किया है 'यजुर्वेद' में उल्लेख है 'गोस्तु मात्रा न विद्यते' अर्थात् गाय के गुणों की कोई सीमा या मात्रा नहीं होती। 'अथर्ववेद' के श्लोक 'धेनुः सदनम् रचीयाम्' के अनुसार गाय अमूल्य संपत्तियों का भंडार है। इसीलिए भारतभूमि पर विश्व की सबसे उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली व वैदिक शिक्षा के केंद्र 'गुरुकुलों' में शिक्षार्थियों को गाय को 'गोमाता' के रूप में पढ़ाया जाता था। ऋषियों के आश्रमों व गुरुकुलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी गौपालन व गौसंवर्धन का कार्य भी संभालते थे। महर्षि 'लोमष' ने गाय को सबसे बड़ी संपत्ति करार दिया था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने अपने बाल्यकाल से जीवन की शुरुआत गोपाल के रूप में की थी। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी को 'महर्षि शांडिल्य' ने श्रीकृष्ण के लिए गौचारण लीला का शुभ मुहूर्त निकाला था। इसलिए इस दिवस को 'गोपाष्टमी' के रूप में मनाते हैं। गौपालन के आदर्श श्रीकृष्ण के युग में सर्वाधिक गोपालक को नंद व उपनंद जैसी उपाधियों का सम्मान भी हासिल होता था।

बेशक देश में कुछ वर्षों से गौरक्षा व गोवध निषेध के लिए कानूनी कवायद शुरू हुई है, मगर भारत में गौरक्षा का इतिहास प्राचीन से गौरवशाली रहा है। कहलूर रियासत (बिलासपुर) के चंदेलवंशीय शासक अभयसार चंद (1302-1347) ने गौरक्षा के लिए मो. तुगलक के सिपहसालार तातार खां को मौत के घाट उतार कर मुगल सेना को बेदखल करके पंजाब सीमा पर गोवंश को मुक्त करा कर अदम्य साहस का परिचय दिया था। राजस्थान की मेड़ता रियासत के 'कुंवर राज सिंह राठौर' ने गौरक्षा के लिए अजमेर के पुष्कर में मुगल सेना को धूल चटाई थी। प्रसिद्ध तीर्थस्थल 'पुष्कर' के 52 घाटों में सबसे बड़ा 'गौघाट' उन्हीं गौरक्षक 'राठौर' राजपूतों के बलिदान की स्मृति में बनाया गया है जहां प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है। मुगल आक्रांताओं के बाद भारत की सांस्कृतिक धरोहर स्वदेशी गौधन पर अंग्रेज हुकूमत के कुटिल षड्यंत्र व अत्याचार भारतीय संस्कृति पर आघात साबित हुए। भारतीय शिक्षा पद्धति में अंग्रेजी शिक्षा व संस्कृति का वर्चस्व बढ़ने से गाय को गौमाता की जगह पशु या जानवर दर्शाया गया। 1970 के दशक में 'श्वेत क्रांति' का आगाज हुआ। दुग्ध वृद्धि की होड़ में विदेशी प्रजाति के गौवंश के आयात से स्वदेशी गौवंश का महत्त्व कम हुआ। कृत्रिम गर्भाधान प्रणाली में विदेशी मूल के टीकों के प्रचलन से देशी गौवंश का स्वरूप बिगड़ा। नतीजतन विश्व पटल पर अपनी दुग्ध गुणवत्ता में सर्वश्रेष्ठ रहे भारतीय देसी गौधन की सत्तर से अधिक नस्लें विलुप्त हुई तथा शेष सड़कों की धूल फांकने पर मजबूर हुईं। बेसहारा गौवंश की दुर्दशा के हालात यह हैं कि अध्यात्म का धरातल रहे भारत में प्रतिष्ठा व स्वाभिमान का प्रतीक रही श्रीकृष्ण की गाय व भगवान शिव का नंदी वर्षों से आश्रय को मोहताज़ है। बेजुबान लावारिस गौवंश सियासी बंदरबाट का शिकार होकर चुनावी मुद्दा जरूर बनता है, मगर इनके आश्रय के स्थायी समाधान के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं बनी। श्रीकृष्ण की लीलास्थली मथुरा में 'सुदेवी' माता के नाम से विख्यात जर्मन की 'फ्रेडरिक इरिमा ब्रूनिंग' 40 वर्षों से सैकड़ों गायों की 'राधा सुरभि' नामक गौशाला का संचालन कर रही हैं। गौसेवा के पुनीत कार्य के लिए भारत सरकार ने 2019 के गणतंत्र दिवस पर 'फ्रेडरिक इरिमा' को 'पद्मश्री' अवार्ड से नवाजा था। गौवंश को गौसदनों या गौशालाओं में आश्रय देना सराहनीय कार्य है, मगर यह बेसहारा गौवंश का स्थायी विकल्प नहीं है। गौपालन व्यवसाय व दुग्ध उत्पादन में भारत आज भी विश्व के देशों में शीर्ष पर काबिज है। 'भारतीय पशु आनुवांशिक संस्थान ब्यूरो' के अनुसार आज भी देश में देसी गौवंश की 43 नस्लें मौजूद हैं। इसी संस्थान ने हिमाचल की विशुद्ध पहाड़ी नस्ल की गाय को भी मान्यता दी है। 'मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया' देसी गौधन की दुग्ध गुणवत्ता को श्रेष्ठ प्रमाणित कर चुका है। अतः सरकारों को गौपालन व्यवसाय को आधुनिक व वैज्ञानिक रूप से विकसित करने वाली योजनाओं को बल देकर देसी गौवंश को समृद्धि का पर्याय व आर्थिक विकास की धूरी बनाना होगा ताकि गौपालन बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं की जीवनशैली का हिस्सा बनकर आजीविका व ग्रामीण आर्थिकी का माध्यम बने। देसी गौपालन क्षमता के बिना 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान' व 'जीरो बजट कृषि' जैसी योजनाओं का समीकरण अधूरा रहेगा। बहरहाल हमारा पड़ोसी देश नेपाल गाय को अपना राष्ट्रीय पशु घोषित कर चुका है तथा श्रीलंका की वर्तमान सरकार अपने देश में गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध का निर्णय ले चुकी है। 2 सितंबर 2021 को इलाहाबाद हाइकोर्ट ने गौधन के महत्त्व को देखते हुए सरकारों को गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का सुझाव दिया है। इसलिए देश के सियासी व मजहबी रहनुमाओं को लोगों की धार्मिक भावनाओं का आदर करके भारत की पुरातन संस्कृति व जीवन मूल्यों से अवगत होना होगा। सनातन संस्कारों में प्राचीन से गाय लक्ष्मी स्वरूप व भारत का वैभव रही है। देश में गौवंश का तिरस्कार दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि सरकारें गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करें तो गौधन की सुरक्षा के मौलिक अधिकार अवश्य सुनिश्चित होंगे। देश की संपन्नता के लिए गौधन को घर आंगन की शोभा बनाकर गौवंश के अतीत का गौरवशाली सम्मान लौटाना होगा। अतः गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर पुश्तैनी व्यवसाय स्वदेशी गौपालन का संकल्प लें, यही गौरक्षा व बेसहारा गौवंश की समस्या सुलझाने का विकल्प है।

उपचुनावों के नतीजे, महंगाई एवं भाजपा का खिसकता जनाधार

पिछले दिनों लोकसभा एवं विधानसभा के उपचुनावों के जो परिणाम आये हैं, उसके क्या एवं कितने मायने हैं? यह तो आने वाले दिनों में पता चलेगा लेकिन इसके तात्कालिक प्रभाव एवं परिणाम दिखने आरंभ हो गये हैं। इन उपचुनावों का भारतीय राजनीति पर कितना व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव एवं परिणाम होगा यह समझने में भी शायद वक्त लगे, मगर इस चुनाव ने भारतीय जनता पार्टी की नींद उड़ा दी है, इसमें कोई शक नहीं है। चुनाव परिणाम आने के तत्काल बाद भाजपा जिस तरह से हरकत में आई है, यह भी दिलचस्प है। बहरहाल जो भी हो इससे आम आदमी को यदि थोड़ी सी भी राहत मिलती है तो यह एक सुखद असर ही माना जाना चाहिए। दरअसल भाजपा आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर दीपावली के जश्न को दोगुना करते हुए अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के मकसद से इन उपचुनावों की तारीख को ठीक दीवाली के पहले सेट करके चुनाव मैदान में उतरी थी, लेकिन यह दांव भाजपा को उल्टा पड़ गया। हालांकि इस उपचुनाव में भाजपा को लोकसभा की एक सीट ही गंवानी पड़ी है, मगर यह हार इतनी बड़ी है कि भाजपा अंदर से हिल गई है। हिमाचल प्रदेश की मण्डी लोकसभा में भाजपा के हार के कई मायने हैं। एक तो हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का गृह राज्य है। दूसरा अनुराग ठाकुर का भी गृह राज्य है, जिनकी कोरोना कालखण्ड के विशेष आर्थिक पैकेज बनाने में बड़ी भूमिका रही है। तीसरा अगले साल हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हैं। इस उपचुनावों में हिमाचल प्रदेश में भाजपा लोकसभा एवं विधानसभा की एक भी सीट जीत नहीं पाई है, ऊपर से वहां के मुख्यमंत्री ने इस हार के लिए महंगाई को जिम्मेदार ठहरा कर भाजपा के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। पिछले डेढ़-दो सालों से बाकायदा सरकारी संरक्षण में पैदा हुई महंगाई की अनदेखी करते हुए भाजपा के सारे बड़े नेता इस महंगाई को ही जायज ठहराने में लगे थे। इतना ही नहीं, अपितु ऊल-जुलूल कुतर्कों से इस महंगाई को ही देशहित में विकास के सूचक के तौर पर पेश करने में लगे थे।

ज्ञान का अभिमान

सच तो यह है कि इस सच को समझने में मुझे काफी देर लगी। मैंने इसे बहुत बाद में समझा, पर जब समझ आ गई तो मेरी प्रगति के नए रास्ते खुलते चले गए। हम में से कोई भी ऐसा नहीं है जिसके पास दुनिया का पूरा ज्ञान हो, जो सब कुछ जानता हो, लेकिन हम सब कुछ न कुछ ऐसा जानते हो सकते हैं जिसे बाकी लोग नहीं जानते। जब हम नौकरी में या व्यवसाय में उन्नति करते हैं और हम पर टीम का नेतृत्व करने की ज़िम्मेदारी होती है तो अक्सर वह इसलिए होता है क्योंकि हम दूसरों से कुछ ज्यादा काबिल हैं, कुछ ज्यादा ज्ञानवान हैं और कुछ ज्यादा अच्छे निर्णय लेते हैं। हमारी काबलियत और हमारा ज्ञान ही हमारी उन्नति का कारण बनता है। अक्सर हमारी टीम के लोग हमारे पास अपनी समस्याएं लेकर आते हैं या कई बार कोई नया सुझाव देते हैं। हमारा कोई सहकर्मी जब किसी समस्या का ज़िक्र करता है तो हम तुरंत उसे कोई समाधान सुझाकर खुश हो जाते हैं। दूसरी ओर, जब हमारा कोई साथी कोई सुझाव लेकर आता है और हमें पता है कि सुझाव कच्चा है और उसमें इतनी कमियां हैं कि उससे फायदा होने के बजाय नुक्सान होगा, तो हम तुरंत उस विचार को काट देते हैं और अपना कोई नया विचार सामने रख देते हैं। जब हम समस्या का समाधान सुझाते हैं तो वह एक समस्या तो हल हो जाती है, लेकिन अपने इस व्यवहार से हम एक नई समस्या को जन्म देते हैं और वह समस्या है सारा काम खुद करने की, हर समस्या का समाधान खुद करने की, परिणाम यह होता है कि टीम का हर सदस्य हर छोटी-बड़ी समस्या हमारे सामने रखता है और हमारा सारा समय उन समस्याओं के हल में बीतता है। हम खुद प्रोडक्टिव नहीं हो पाते। दूसरा नुकसान यह है कि टीम के सदस्यों को हल सोचने का मौका नहीं मिलता और उनके विकास के रास्ते अवरुद्ध हो जाते हैं। तीसरा नुकसान यह है कि हम एक ऐसी अवस्था में जा फंसते हैं जहां हम 'डिसीज़न फटीग' के शिकार हो जाते हैं और खुद हमें भी ज्यादा हल सूझने बंद हो जाते हैं। इसे थोड़ा और गहराई से समझने की आवश्यकता है। एक लीडर के रूप में हम चाहते हैं कि हमारी टीम के लोग ज़िम्मेदारी लें, समस्याएं हल करें और नए सुझाव लेकर आएं क्योंकि कोई भी लीडर तभी सफल होता है जब उसकी टीम की काबलियत बढ़ती है, वे मिलजुल कर काम करते हैं और खुद आगे बढ़कर ज़िम्मेदारियां संभालते और निभाते हैं। जब भी हमारी टीम का कोई सदस्य नया सुझाव लेकर आए और हमें वह सुझाव कमज़ोर नज़र आए तो हमें ऐसे सवाल पूछने चाहिएं जिससे सुझाव देने वाले व्यक्ति को उसकी कमियों का अंदाज़ा हो जाए। कमियां समझ में आएंगी तो यह सूझना ज्यादा मुश्किल नहीं है कि कमियां दूर करने के लिए क्या करना आवश्यक है। इस तरह हम न केवल अच्छे सुझाव पा सकते हैं बल्कि अपनी टीम को नया सोचने और पूरी तस्वीर देखने की सूझबूझ सिखाते हैं। यहां यह याद रखना जरूरी है कि सवाल पूछते समय हमारी टोन पॉज़िटिव हो, उसमें व्यंग्य न हो, गुस्सा न हो, बल्कि विश्वास हो। हम यह कहें कि आइडिया बहुत अच्छा है, इसे थोड़ा-सा विस्तार से देख-परख लें ताकि हमारे काम में कोई कमी न रह जाए। जब हम कहते हैं कि 'हमारे काम में कोई कमी न रह जाए', तो हम उस सुझाव में खुद को और पूरी टीम को भी शामिल रखते हैं। इससे अपनेपन का अहसास बनता है और किसी को निराशा नहीं होती। हमें याद रखना चाहिए कि हमारा व्यक्तित्व हमारी शक्ल-सूरत ही नहीं है, हमारी ड्रेस-सेंस ही नहीं है, हमारा ज्ञान ही नहीं है, बल्कि हमारा व्यवहार भी है, दूसरों की सहायता करने की हमारी इच्छा भी है, किसी के काम आने की हमारी कोशिश भी है। हमारा व्यक्तित्व वह है, जब हम न हों और कोई हमारा ज़िक्र करे। वह ज़िक्र जिस तरह से होगा, उससे हमारा व्यक्तित्व परिभाषित होता है। हमारा व्यक्तित्व मानो फूलों की सुगंध सरीखा है जो सारे वातावरण में व्याप्त हो जाता है। इसके विपरीत जब हम किसी सुझाव को सुनते ही उसकी कमियां बताना शुरू कर देते हैं तो हम अपनी टीम को निरुत्साहित करते हैं और अगली बार टीम के सदस्य कोई सुझाव देने से पहले कई बार सोचेंगे और यदि हमारा यह व्यवहार बार-बार दोहराया गया तो यह पक्की बात है कि हमें सुझाव मिलने बंद हो जाएंगे। बहुत से बुद्धिमान टीम लीडर, लीडर के रूप में सिर्फ इसी कारण से असफल हो जाते हैं क्योंकि वे टीम को साथ लेकर चलने का गुर नहीं जानते। टीम के सदस्य अपने बॉस के ज्ञान से आतंकित रहते हैं और हर निर्णय उन्हीं पर छोड़ देने में ही अपनी भलाई समझते हैं। लीडर के रूप में हमारे इस व्यवहार से एक और समस्या पैदा होती है कि चूंकि विचार हमारा था, उसकी हर बारीकी टीम के सदस्यों को स्पष्ट हो ही, यह आवश्यक नहीं है। परिणाम यह होता है कि काम करते वक्त टीम की ओर से कमियां रह जाती हैं और काम की गुणवत्ता घट जाती है या गलतियों को सुधारने में धन और समय बर्बाद होता रहता है। हिंदुस्तान टाइम्स में मुझे जब हैदराबाद कार्यालय का इंचार्ज बनाकर भेजा गया तब मेरे एक वरिष्ठ अधिकारी ने मुझे टीम को साथ लेकर चलने का यह गुर सिखाया। इसी का परिणाम था कि उसके बाद मैंने तेज़ी से प्रगति की और अंततः जब मैंने नौकरी छोड़ी तो मैं हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध समाचारपत्र दिव्य हिमाचल में मार्केटिंग डायरेक्टर था। मेरा वह ज्ञान बाद में मुझे उस वक्त और भी काम आया जब मैंने उद्यमी बनने की ठानी। निश्चय ही समय हमें बहुत कुछ सिखाता है, सवाल सिर्फ यह है कि खुद हम कुछ नया सीखने के लिए तैयार हैं या नहीं, या अपने ज्ञान के अभिमान में कैदी बनकर खुद ही खुद पर फिदा रहने की गलती करते हैं।

वर्ग पहेली 4465



संकेतः बाएं से दाएं

1. भारत का सबसे अधिक राज्यों के साथ सीमा (8 राज्य)बनाने वाला राज्य (6)
6. आनंद, सुख, लुत्फ, स्वाद, रस (2)
7. कामदेव, मनोज, रतिपति (3)
8. स्थिति, अवस्था, हालत (2)
9. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
10. भारयुक्त होना, भारी वस्तु का दूसरी वस्तु पर बोझ के रूप में रखा जाना (3)
12. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
13. पुत्र, सुत, पूत (2)
14. औलाद, पुत्र या पुत्री, संतति (3)
16. तरकारी, हरी सब्जी, भाजी (2)
18. जख्म पर लगाया जाने वाला गाढ़ा और चिकना लेप (4)
19. गिरवी रखने का भाव या क्रिया रहने का ढ़ंग (3)
20. पकाकर उबालकर बनाया हुआ चावल (2)

ऊपर से नीचे

1. हिंदु धर्म के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें यज्ञोपवीत धारण किया जाता है (8)
2. हिंडोले पर झूलना, पेंगे मारना, झमते हुए चलना (4)
3. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (2)
4. पुरानी फिल्मों की पार्श्व गायिका जिन्होंने हिंदी पके अलावा बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल एवं पंजाबी भाषाओं में लगभग 6000 से अधिक गाने गाए है (7)
5. कपि, बंदर (3)
8. समूह, गुट, पंखुडी, गिरोह (2)
11. छोटे कद का, ठिगना, बौना (2)
15. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन करने की क्रिया (3)
16. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
17. उचित से अधिक, यथेष्ट, अधिक मात्रा में , ज्यादा (3)

वर्ग पहेली 4464 का हल

ब	र	ग	द		ग	ठि	या
ल	त	म	र्द	न		ग	म
दे		क		व	र	ना	
व	क्ष		स	जी	व		श्या
	मा	मा		व		सो	म
	प्र	ह	स	न		ह	ल
	दा	वा			रा	ब	
वा	न	र		बे	ह	त	र

छोटा परदा

शुक्रवार, दिनांक 12 नवंबर-2021

StarPlus 11:00 अनुपमा, 11:30 इमली, 12:00 ये है मोहब्बतें, 1:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 2:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 3:00 साथ निभाना साथिया, 6:00 आपकी नजरों ने समझा, 7:00 शौर्य और अनोखी की कहानी, 7:30 शादी मुबारक, 8:00 गुम है

किसी के प्यार में, 8:30 इमली, 9:00 साथ निभाना साथिया, 10:00 अनुपमा

>>>

SONY 11:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 12:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 2:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल,

3:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 3:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 4:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 6:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 7:00 मेरे सांई, 7:30 पुण्यश्लोक, 8:00 विघ्नहरता गणेश, 9:00 क्यों उत्थे दिल छोड़ आये, 9:30 इश्क पर जोर नहीं, 10:00 क्राईम पेट्रोल सतर्क, 11:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल

>>>

ZEETV 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 मेरी ताकत, 12:30 कुमकुम भाग्य, 1:00 कुंडली भाग्य, 2:00 पुर्नविवाह, 3:00 पवित्र रिश्ता, 4:00 पवित्र रिश्ता, 5:00 पवित्र रिश्ता, 6:00 हैवान, 8:00 जोधा अकबर, 7:00 अपना टाईम भी आएगा, 7:30 हमारी वाली गुडन्यूज, 8:30 तुझसे है राबता, 9:00 कुमकुम भाग्य, 9:30 कुंडली भाग्य, 11:00 कुमकुम भाग्य

>>>

colors 11:00 श्री कृष्णा, 11:30 उडाया, 12:00 ससुराल सिमर का, 2:00 थपकी

प्यार की, 5:30 नागिन, 6:50 ससुराल सिमर का, 7:30 छोटी सरदारनी, 8:00 शक्ति, 8:30 बेरिस्टर बाबू, 9:00 नमक इश्क का, 9:30 बावरा दिली, 10:00 पिजरा खूबसूरती का, 11:00 ससुराल सिमर का,

>>>

SONY SAB 11:00 मेडम सर, 12:00 तेरा यार हूं मैं, 12:00 हीरों, 1:00 वागले की दुनिया, 1:30 तारक मेहता का उल्टा

चश्मा, 2:30 मैडम सर, 3:00 हीरो, 3:30 तेरा यार हूं मैं, 4:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:00 मैडम सर, 5:30 जीजाजी छत पर है, 6:00 वागले की दुनिया, 6:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:00 हीरो, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:00 वागले की दुनिया, 9:30 तेरा यार हूं मैं, 10:00 मैडम सर, 10:30 जीजाजी छत पर है, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

>>>

NATIONAL 10:00 यहां के हम सिकंदर, 11:30 क्योंकि जीना इसी का नाम है, 12:00 मेरा देश बलाऐं रे, 12:30 ठुमरी एक परंपरा, 1:00 मंगलसूत्र... 2:00 सुकन्या

हमारी बेटियां, 2:30 हरी मिर्ची-लाल मिर्ची, 3:00 बिन बिटियां आंगन सूना, 4:00 नई सोच, 5:30 यहां के हम सिकंदर, 6:00 चंद्रमुखी, 7:00 महाराण रंजीत सिंह, 8:00 द्रोपदी, 9:00 श्री गणेश, 9:30 श्री गणेश, 10:00 ना हौंसला हारेगे हम, 10:30 पुरवाई-एक नई आशा, फुले, 11:00 बिन बिटिया आंगन सूना

>>>

ZEE CINEMA 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

>>>

MOVIES OK 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

आज का राशिफल

मेष धैर्यशीलता में कमी रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खान-पान में रुचि भी बढ़ सकती है।

वृषभ आत्मसंयत रहें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

मिथुन नौकरी में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

सिंह नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

कन्या मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। मानसिक शांति तो रहेगी।

तुला अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में सुधार होगा।

वृश्चिक परिवार की समस्याएं भी परेशान कर सकती हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

धनु क्रोध से बचें। कुटुम्ब-परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। धन की प्राप्ति भी हो सकती है।

मकर दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन अशांत रहेगा।

कुंभ धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। खर्च अधिक रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा।

मीन बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

सुडोकू पहेली

क्रमांक- 4465

	9	5			3	2	1	
7						5		9
2	8		6	9				4

गैरहाजिर अधिकारियों पर डीएम ने चलाया कार्रवाई का चाबुक

➢ डीएम ने सीएमओ का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोका ➢ एक्सईएन टाउन एरिया का एक दिन का वेतर भी रोका गया

बांदा, (संवाददाता)। मासिक विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय कुमार तिवारी की गोल्डन कार्ड की प्रगति मात्र 23 परसेंट ही बने थे और 145 हेल्थ वैलनेस सेंटर के सापेक्ष मात्र 83 हेल्थ वैलनेस सेंटर क्रियाशील हैं। एबीएसके की जो टीमें हैं, उनके द्वारा भ्रमण कम किया गया है। दवाओं की उपलब्धता कम है, सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 202 ऐसी काल आई जहां एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई है। जननी सुरक्षा योजना का भुगतान मात्र 62 परसेंट ही किया गया है। बच्चों का वैक्सीनेशन मात्र 54 परसेंट हुआ है, जो बहुत ही खेदजनक है। समीक्षा बैठक में प्रगति की सही जानकारी न दिए जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय कुमार तिवारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोका जाता है। समीक्षा बैठक में आरटीओ अनुपस्थित रहे, जिनका आज का वेतन रोका गया एक्सईएन टाउन एरिया का भी 1 दिन का वेतन रोका गया। सेतु निगम का आज का वेतन रोका गया, साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा गया। अधिशासी अभियंता केन नहर को निर्देशित किया कि 15 नवंबर से नेहरू की सिल्ट सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सरकारी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत बिल बकाया भुगतान करना सुनिश्चित करें और जिन विभागों के पास बजट की कमी हो वह शासन को पत्राचार कर तत्काल बजट मांगना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने लोक निर्माण विभाग के तीनो डिवीजनों को निर्देशित किया कि गड्ढा मुक्ति का जो कार्य शेष है उसे एक सप्ताह के अंदर शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उप निदेशक कृषि के द्वारा बताया गया कि 215 आवेदन का निस्तारण हो गया है। 83 आवेदन को स्वीकृत करके बीमा कंपनी ने पैसा भेज दिया है। लेकिन जब जिला अधिकारी के द्वारा रिजेक्ट आवेदन का कारण पूछा गया तो नहीं बता पाए और न ही सूची दे पाए, जिसमें बीमा कंपनी एजेंट को बेहद नाराजगी व्यक्त की गई। और तत्काल रिजेक्टेड आवेदन पत्रों की सूची मांगी गई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को चेतावनी जारी करते हुए पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्य नहीं किया गया है। और कौन कौन से टीके लगते हैं इसकी सूची भी नहीं दी गई। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जिला खाद्य एवं आपूर्ति, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना छात्रवृत्ति योजना, कौशल विकास मिशन, शिक्षा विभाग, उद्योग बंधु, पंचायती राज सहित आदि विभागों की समीक्षा बैठक की गई और सभी को निर्देशित किया गया कि आज जो बैठक में निर्देश दिए गए हैं।

15 को ग्राम पंचायतों में होगीं जागरूकता बैठकें

चित्रकूट ब्यूरो। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 का आलेख्य प्रकाशन बीती एक नवंबर को जनपद के समस्त मतदेय स्थलो पर करा दिया गया है। इस कार्यक्रम अवधि में बीती सात नवंबर, आगामी 13 नवंबर, 21 नवंबर एवं 27 नवंबर को विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गई है। साथ ही बीती एक नवंबर से आगामी 30 नवंबर तक कार्यक्रम अवधि के बीच में तिथि विशेष 15 नवंबर को जनपद की समस्त ग्राम सभाओं में बैठक कर प्रकाशित मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी 15 नवंबर को प्रत्येक ग्राम पंचायतों, स्थानीय निकायों में बैठकें आयोजित की जाए। साथ ही इन बैठकों में आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी एवं संबंधित क्षेत्र के बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

कार्यदाई संस्था के अभियंता से डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

गुणवत्ता के साथ समय से कार्य पूरा करने के निर्देश

बांदा, (संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने जनपद में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं का गुरुवार को निरीक्षण किया। डीएम ने पहले मंडी समिति में पांच हजार मीट्रिक टन क्षमता गोदाम का निरीक्षण किया। गोदाम के चारो ओर बने प्लेटफार्म पर दरारें है, जिसको तोड़वाकर दोबारा मानक के अनुरूप बनाए जाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही नवीन मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्र के निर्माणाधीन भवन का भी जायजा लिया। जहां पाया गया कि सीसी रोड में कई स्थानों पर दरारें है तथा चाहरदीवारी भी चटकी हुई थी। कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के अभियंता के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया एवं तत्काल कमियों को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात डीएम ने राजकीय मानसिक मंदित विद्यालय की गुणवत्ता देखी। जिसमे पाया गया कि बीम व कॉलम में हनी कॉम्बिंग है जिसे तुड़वाकर पुनः मानक के अनुरुप निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के निर्माण का भी निरीक्षण किया। वहां अनेकों कमियां पाई गई। जिसे अधिशाषी अभियंता आवास विकास परिषद को सप्ताह भर के अंदर कमियों को दुरुस्त कराकर अवगत कराए जाने के निर्देश दिए गए। डीएम अनुराग पटेल ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा कराएं तथा अधिशाषी अभियंता स्वयं मौके पर मौजूद रहकर निर्माण कार्य संपादित कराएं। उन्होंने कहा कि भविष्य में निर्माण कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

मशीन खराब होने से नहीं हो पा रही लीवर की जांच

बांदा, (संवाददाता)। जिला अस्पताल की व्यवस्था लड़खड़ाती जा रही है। पैथालाजी विभाग में मरीजों की लीवर फंक्शन और बायोकेमेस्ट्री की जांच न होने से मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज प्राइवेट नर्सिंग होम में जाकर जांच करवाते हैं। वहां पर मरीजों का आर्थिक शोषण किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला अस्पताल में पैथालाजी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। वहां पर लगी मशीनें कई महीने से खराब पड़ी है। इंजीनियर आए और काम किया। इसके बाद चलते बने। उनके जाते ही मशीन काम करना बंद कर देती है। इन दिनों अस्पताल में लीवर फंक्शन समेत बायोकेमेस्ट्री की जांचें नहीं हो पा रही हैं। मरीज मजबूर होकर प्राइवेट नर्सिंग होमों में अपनी जांच करवाते हैं। वहां पर प्राइवेट संचालक उनका आर्थिक शोषण करते हैं। लीवर फंक्शन की जांच में 600 रुपए से लेकर 700 रुपए तक लेते हैं। अस्पताल की पैथालाजी में जांच न होने से मरीजों को भारी दिक्तों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों मौसमी परिवर्तन से बीमारियां भी बढ़ रही हैं। चिकित्सक मरीज को जांच करवाने की सलाह दे रहे हैं। पैथालाजी कर्मचारियों ने बताया कि मशीन काफी दिनों से खराब पड़ी है। एक-दो दिन के लिए चालू हो जाती है, इसके बाद फिर से व्यवस्था धड़ाम हो जाती है।

रबी की फसल के पलेवा को छोड़ा गया नहरों में पानी

❑ लोनिवि राज्यमंत्री ने बरुआ बांध का फाटक खोलकर नहरों का संचालन कराया शुरू

चित्रकूट ब्यूरो। रबी फसलों की बुवाई के लिए सिंचाई प्रखंड प्रथम विभाग ने किसानों को पलेवा की सुविधा के लिए नहरों की सिल्ट सफाई कराकर बरुआ बांध का मुख्य गेट खोल दिया है। जिससे आधा दर्जन नहरों का संचालन शुरू हो गया है। बीती रात्रि लोनिवि राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने बरुआ बांध से मुख्य नहर के गेट खोलकर नहरों का संचालन शुरू कराया। साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा बरुआ मुख्य नहर के सिल्ट सफाई कार्यों का निरीक्षण भी किया।

राज्यमंत्री ने निर्बाध नहरें संचालित करने के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नहरों की सिल्ट सफाई व कटानों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे पानी टेल तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनपद में रबी की फसलों की बुवाई शुरू हो चुकी है, जो नवंबर माह के अंत तक चलती है। इसमें शुरूआती दौर में दलहनी फसलें चना, मटर, मसूर की बुवाई की जाती है। एक नवंबर से गेहूं, जौ व अन्य फसलों की बुवाई शुरू हो जाती है। वर्तमान में किसानों ने फसलों की बुवाई की तैयारियां पूरी कर ली हैं। अब पलेवा का समय शुरू हो गया है। ऐसे में किसानों को पलेवा की सुविधा के लिए सिंचाई विभाग ने भी नहरों के संचालन का कार्य शुरू करा दिया है। एसडीओ इं. गुरू प्रसाद ने बताया कि अधिशाषी अभियंता इं. आशुतोष कुमार के मार्गदर्शन में दस नवंबर से अधिकांश नहरों में पानी छोड़ा जाना शुरू हो चुका है। इसके लिए नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य पहले ही शुरू हो गया था। इसके साथ ही नहरों के कट व मिट्टी के कटान की मरम्मत करा दी गई है। टेल तक पानी पहुंचाने की सुविधा की गई है। लगभग दो दर्जन गाँवों में किसानों को कुल प्रस्तावित 3,497 हेक्टेयर सिंचाई की सुविधा दी जा रही है। नहर के फाटने व अन्य कार्यों के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है। पानी को टेल तक पहुंचाने के लिए कर्मचारी निगरानी कर रहे हैं। नहर में पानी आने से किसानों में खुशी है। इस मौके पर जूनियर इंजीनियर अजय कुमार सिंह, किसान श्रवण पटेल, संदीप मिश्र, भूरा गर्ग सहित ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइकसवार की मौत

राजापुर, चित्रकूट ब्यूरो। राजापुर थाना क्षेत्र के लमियारी गाँव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइकसवार को टक्कर कार दी। जिससे बाइकसवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामप्रसाद तिवारी (30 वर्ष) पुत्र इन्द्रपाल उर्फ बंगाली तिवारी निवासी निवासी अछरील थाना कमासिन अपनी बाइक से राजापुर की रिश्तेदारी में जा रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइकसवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल रामप्रसाद तिवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में भर्ती कराया। जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि वह मोटरसाइकिल से राजापुर जा रहा था। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजापुर अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि वादी विनोद कुमार तिवारी की तरफ से अज्ञात वाहन के विरुद्ध तहरीर दर्ज कर ली गई है।

सफाई कर्मियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान

❑ राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य छाया देवी मीडिया से हुईं मुखातिब
❑ सफाई कर्मचारियों को हर हाल में दिया जाए साप्ताहिक अवकाश

बांदा, (संवाददाता)। सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का अधिकारी प्राथमिकता पर समाधान करें। सफाई कर्मचारियों को समय से वेतन देने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यह बात सदस्य राज्य सफाई कर्मचारी आयोग छाया देवी ने सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से यह जानकारी मिली है कि उनका पीएफ काटा तो जाता है, लेकिन खाते में जमा नहीं होता। उन्होंने निर्देश दिये कि पीएफ का पैसा सफाई कर्मचारियों के खाते में जमा कराया जाए। कहा कि सफाई कर्मचारियों को ठंड के मौसम में गर्म वर्दी दी जाए। इसके साथ ही ठंड के मौसम में एक समय में ही आठ घंटे ड्यूटी ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन सफाई कर्मचारियों की सेवा काफी हो गई है, उन्हें प्रोन्नत कर सफाई नायक बनाया जाए। सदस्य राज्य सफाई कर्मचारी आयोग ने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीब वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ गरीब सफाई कर्मचारियों को भी प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि महिला सफाई कर्मचारियों से ठेला खींचने का कार्य न कराया जाए। कहा कि सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा कार्ड देने के साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ भी सफाई कर्मचारियों के परिवारों को दिलाया जाए। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य ने कहा कि शहर की मलिन बस्ती जरैली कोठी, गायत्री नगर, कंचन पुरवा का भ्रमण किया और वहां पर कराए गए कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को समय से वेतन दिलाने के संबंध में वह मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री से वार्ता कर अनुरोध करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिया जाए।

डीएम और एसपी ने किया मंडल कारागार का निरीक्षण

बांदा, (संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराग पटेल और पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने गुरुवार को मंडल कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंडल कारागार की बैरिकों का निरीक्षण करने के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों को भी देखा। कैदियों से बातचीत करते हुए समस्याएं पूंछी। सभी कैदियों ने कोई समस्या नहीं बताई। जिला मजिस्ट्रेट व एसपी ने टीम के साथ मंडल कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफसफाई व्यवस्था ठीक पाई गई। कैदियों को दिए जाने वाले भोजन को भी देखा गया, जो ठीक पाया गया। कारागार में किसी भी प्रकार की कोई अवैध सामग्री नहीं प्राप्त हुई। कैदियों से पूछताछ की गई, जिसमें किसी के द्वारा कोई भी समस्या नहीं बताई गई। निरीक्षण के दौरान सब कुछ सामान्य मिला। तकरीबन एक घंटे के निरीक्षण के बाद बाहर निकले अधिकारियों ने सब कुछ दुरुस्त बताया।

चुनावी रंजिश में प्रधान ने अधेड़ को पीटा

❑ एक अन्य घटना में भतीजे ने चाचा को धुना
❑ बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव का मामला

बांदा, (संवाददाता)। दुकान से सामान खरीदकर घर जा रहे अधेड़ को ग्राम प्रधान समेत दो लोगों ने घेर लिया। उसे लाठी डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह समझा-बुणकर मामले को शांत कराया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के पीछे प्रधान की चुनावी रंजिश बताई गई है। एक अन्य घटना में गाली-गलौज का विरोध करने पर भतीजे ने चाचा को लाठियों से मारपीट कर घायल कर दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी भगवानदीन (55) पुत्र बैजू बुधवार रात दुकान से सामान खरीदकर घर आ रहा था, तभी रास्ते में ग्राम प्रधान समेत दो लोगों ने उसे घेर लिया। गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर दोनो लोगों ने भगवानदीन को लाठी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शोरशरबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया गया। घायल को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल ने बताया कि प्रधानी के चुनाव में वोट उसने ग्राम प्रधान को दिया था, लेकिन ग्राम प्रधान का कहना है कि वोट उसे नहीं मिला। इसी खुन्नस के चलते उसके साथ मारपीट की गई। वहीं दूसरी घटना में जसपुरा कस्बा निवासी लल्लू (45) पुत्र महरजवा अपने घर के बाहर बैठा था। तभी उसका भतीजा राजा उसे गाली-गलौज करने लगा। लल्लू ने मना किया।

दीवार गिरने से तीन लोग मलबे में दबे

बांदा, (संवाददाता)। मकान बनाते समय कच्ची दीवार भरभराकर ढह जाने से तीन लोग मलबे में दब गए। शोरशरारबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन मलबा हटाकर तीनो को बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है। पैलानी कस्बा निवासी फहीम (24) पुत्र अजीम बुधवार को अपने फूफा सत्तार के यहां निर्माणाधीन मकान की मजदूरी करने गया था।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकला प्रचार रथ

चित्रकूट ब्यूरो। निर्वाचन आयोग द्वारा बीती एक नवंबर से आगामी 30 नवंबर तक चलाए जा रहे विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए स्वीप योजना के अंतर्गत प्रचार रथ को अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह व स्वीप नोडल अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कार्यालय से रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह प्रचार रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूमकर लगातार कई दिनों तक गीत व सूचना के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुये जनपद के लोगों को जागरूक करेगा कि एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा एवं छूटे हुए मतदाता फार्म छह भर कर अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करा ले। इसके लिए बीती सात नवंबर, आगामी 13 नवंबर, 21 नवंबर व 27 नवंबर को विशेष तिथियां घोषित की गई हैं। जिस दिन प्रत्येक बूथ पर बीएलओ उपस्थित रहेंगे। इन विशेष तिथियों में बूथ पर पहुंचकर पंजीकरण कराने के लिए बीएलओ से फॉर्म छह प्राप्त कर भर दे। साथ ही पहले से पंजीकृत मतदाता सूची को देख ले, यदि किसी प्रकार का संशोधन करना हो, तो फार्म आठ भर कर दे। बताया कि पंजीकरण ऑफलाइन के अतिरिक्त ऑनलाइन भी किया जा सकता है। जिसके लिए वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर पंजीकरण कराया जा सकता है। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी उमेश कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

15 को होगी किसान गोष्ठी

चित्रकूट ब्यूरो। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि रबी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक फसलोत्पादन के लिए जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी/तिलहन किसान मेला/कृषक जागरूकता कार्यक्रम/वैज्ञानिक संवाद का आयोजन आगामी 15 नवंबर को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कर्वी के मंदाकिनी गेस्ट हाउस कालूपुर कर्वी में प्रातः 11 बजे से किया जाना है। बताया कि जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी एवं किसान मेला में किसानों से संबंधित कृषि एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी का प्रचार-प्रसार करते हुए।

पंपलेट बांटकर किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक

चित्रकूट ब्यूरो। यातायात माह नवंबर के तहत पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में गुरुवार को यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव द्वारा पेट्रोल पंप सोनेपुर में वाहन चालकों को यातायात जागरूकता पम्पलेट वितरित कर यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया एवं पालन करने की अपील की गई। इस दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही चालकों को धीमी गति से सावधानी पूर्वक वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात प्रभारी ने पेट्रोल पंप मैनेजर को निर्देश दिया कि जो मोटरसाइकिल सवार हेलमेट लगाकर नहीं आते, उनको पेट्रोल न दिया जाए। साथ ही ट्रैक्टर चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस चेक किया गया एवं वाहन मालिकों को निर्देश दिये गये कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस धारकों को ट्रैक्टर न चलाने दें। जिन वाहनों में रिफ्लेक्टर नहीं था, उनमें रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए।

अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें सभी विभाग

समीक्षा बैठक कर डीएम ने दिए निर्देश

चित्रकूट ब्यूरो। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में माह अक्टूबर की कर-करेत्तर, राजस्व एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में जलाधिकारी ने आबकारी, वन, खनिज, विद्युत, सिंचाई, नगर निकाय, वाणिज्य कर, सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों की वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम है, वह अभियान चलाकर अपने लक्ष्यों की पूर्ति कराएं। उन्होंने उपजिलाधिकारियों, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के उपस्थित न होने पर स्पष्टीकरण मांगा तथा जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारियों के साथ बनाई गई टीमों द्वारा ओवर लोडिंग वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाए तथा अभियान चलाकर अवैध खनन पर कार्यवाही कराएं। कहा कि अवैध खनन की कहीं से शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, यह आप लोग सुनिश्चित कर लें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष अपने विभागों की वसूली पूर्ण कराएं तथा राजस्व वसूली को बढ़ाया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह, आयुक्त वाणिज्य कर अधिकारी विजय कुमार सोनी, खनिज अधिकारी सनी कौशल, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक आशुतोष कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

घायल दंपति को पूर्व विधायक ने भिजवाया अस्पताल

बांदा, (संवाददाता)। बाइक में सवार होकर पति-पत्नी मुख्यालय आ रहे थे, तभी रास्ते में नीलगाय से बाइक टकरा जाने पर दंपति घायल हो गए। इधर, क्षेत्र भ्रमण पर जा रहे पूर्व विधायक दलजीत सिंह ने दंपति को सड़क पर घायल पड़े देखा तो अपने वाहन से घायल दंपति को जिला अस्पताल भिजवाया। अपना वाहन छोड़ने के बाद विधायक एक घंटे तक घटनास्थल पर ही खड़े रहे, जब उनकी कार अस्पताल से घायलों को छोड़कर वापस आई, तब वह क्षेत्र भ्रमण के लिए रवाना हुए। मालुम हो कि मवई घाट निवासी अमित कुमार अपनी पत्नी को बाइक से लेकर बांदा आ रहा था, तभी ककनारे बाबा के पास नीलगाय सेबाइक टकरा गई। इससे दंपति घायल हो गया था।

मुकदमों के निस्तारण के लिए सर्वोत्तम माध्यम है लोक अदालतः जिला जज

11 दिसंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

चित्रकूट ब्यूरो। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 11 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक मुकदमों के निस्तारण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश रवींद्र नाथ दुबे ने गुरुवार को समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए वाद चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस इत्यादि प्रेषित कर अधिक से अधिक मामलों को निस्तारित करने का प्रयास करें। कहा कि लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सर्वोत्तम माध्यम है, जिसमें निस्तारण से धन तथा समय दोनों की बचत होती है। बैठक में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर अपर जिला जज रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सतीश चन्द्र द्विवेदी, हरवंश नारायण, संजय के लाल, सत्येन्द्र पांडेय, दीप नारायण तिवारी, विनीत नारायण पांडेय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकॉलिक सचिव विदुषी मेहा, सिविल जज प्रवीण कुमार, वसुंधरा शर्मा, संघमित्रा मौर्य आदि मौजूद रहे।

अमन हत्याकांड : जांच कर हुई खानापूरी, आरोपी घूम रहे छुट्टा

❑ अमन के पिता ने लगाया आरोपः खादी और खाकी आरोपियों को बचा रही
❑ एक बार फिर से गूंजने लगा अमन हत्याकांड का मुद्दा

बांदा, (संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के नेता और अमन के पिता संजय त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के कुछ लोग और स्थानीय पुलिस अधिकारी अमन हत्याकांड के आरोपियों को बचाने में जुटे हुए हैं। हत्या को एक माह गुजर गया, लेकिन अभी तक हत्यारे छुट्टा घूम रहे हैं। खादी और खाकी मिलकर हत्यारों को बचा रही है। इससे न्याय नहीं मिल पा रहा। गुरुवार को अमन के माता-पिता और सैकड़ों लोगों ने सभा का आयोजन कर अमन को श्रद्धांजलि दी और अशोक स्तंभ तले कैंडिल जलाकर अमन को याद किया।

शहर के बंगालीपुरा मुहल्ला निवासी भाजपा नेता संजय त्रिपाठी के बेटे अमन त्रिपाठी की निर्मम तरीके से हत्या करने के बाद शव को केन नदी में फेंक दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने जिस कदर लीपापोती की है, उसको लेकर शहर की जनता में आक्रोश व्याप्त है। पहले जांच टीम और फिर क्राइम ब्रांच हमीरपुर की जांच के बावजूद अभी तक हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जबकि लखनऊ मेडिकोलीगल एक्सपर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अमन की मौत केन नदी के पानी में डूबने से पहले हो चुकी थी, इससे यह स्पष्ट होता है कि अमन की हत्या कर शव को केन नदी में फेंका गया, बावजूद इसके खादी और खाकी का गठजोड़ हत्यारोपियों को बचाने में पूरी ताकत के साथ जुटा हुआ है। गुरुवार को अमन के माता-पिता और सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। अमन को श्रद्धांजलि देने के बाद अशोक स्तंभ तले कैंडिल जलाई गई। अमन के परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के हत्यारों को बचाने के पीछे कुछ सत्ता पक्ष के लोगों और स्थानीय पुलिस अधिकारियों का हाथ है। अमन के परिजनों ने हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग की। अशोक स्तंभ तले श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवी सुशील त्रिवेदी, अभिषेक वाजपेयी, संजय दीक्षित, देवेंद्र मिश्र, अनवर अली, क्षितिज त्रिपाठी, केके दीक्षित, शालिनी पटेल, राजेश राष्ट्रवादी, बउवा प्रजापति आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सामाजिक त्रासदी के समान है भ्रूण हत्या :विदुषी

चित्रकूट ब्यूरो। ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में गुरुवार को दहेज व भ्रूण हत्या पर चित्रकला, निबंध एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं हुई। अव्वल रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने कहा कि दहेज और भ्रूण हत्या जैसी बातें समाज को खोखला करती हैं। ये समाज के लिए अभिशाप हैं। इनके खिलाफ लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को समय का सदुपयोग कर जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि छात्र-छात्राओं को संकल्प लेना चाहिए कि वे दहेज न लेंगे और न देंगे। इसी तरह भ्रूण हत्या के खिलाफलोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या पर कैद और जुर्माने का प्राविधान है। इस मौके पर बच्चों ने प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अव्वल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य छोटेलाल, प्रबंधक शिवलाल राजपूत, महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर, जिला समन्वयक मीनू सिंह आदि उपस्थित रहीं।

गैंगेस्टर एक्ट के तहत दो पर की गई कार्यवाही

पहाड़ी, चित्रकूट ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी रामाश्रय यादव द्वारा गैंग बनाकर अपराध कारित करके आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित करने वाले आरोपी करन पुत्र लल्लू प्रजापति व राजू पुत्र मुकुन्दलाल निवासी जसईपुर थाना तिंदवारी जनपद बांदा के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक अमर जीत सिंह द्वारा मे0 हरिओम प्रिंटर्स, हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से मुद्रित एवं हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। संपादक- अमर जीत सिंह, मो0- 9455231344, आर0एन0आई0पंजी0सं0- UPHIN/2014/60049

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उज़रदायी त

कंटेनर की टक्कर से चाचा भतीजे की मौत, तीन लोग घायल

संवाददाता

औरास, उन्नाव। एक ही परिवार के इंजॉय गाड़ी में 5 लोग सवार होकर लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के रास्ते से देवा शरीफ दर्शन के लिए जा रहे थे रास्ते में गाड़ी खड़ी करके गाड़ी का पिछला पहिया टाइट कर रहे थे कि पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे चाचा भतीजे सहित 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए यूपी डा की गाड़ी ने पीएचसी औरास में भर्ती कराया जिसमें चाचा भतीजे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और 3 लोगों को लखनऊ रेफर कर एंबुलेंस से भेज दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक लगभग 5:30 बजे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर दो फोर व्हीलर गाड़ियों में सवार होकर फिरोजाबाद के शिकोहाबाद से देवा शरीफ बाराबंकी दर्शन के लिए जा रहे थे जिसमें इंजॉय गाड़ी में मोहम्मद नईम पुत्र अलीमुद्दीन उम्र 50 वर्ष कामरान पुत्र मुकीम उद्दीन उम्र 25 वर्ष फरहान पुत्र सलीम उम्र 25 वर्ष निवासी रुकनपुर शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद और हुसैन पुत्र कमालुद्दीन उम्र 21 वर्ष निवासी सिरसागंज जिला फिरोजाबाद और जाने आलम 50 वर्ष शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद और दूसरी गाड़ी आर्टिका कार में सवार महिलाएं व बच्चे थे रास्ते में जैसे ही गाड़ी औरास थाना क्षेत्र के मैंनीभावा खेड़ा के पास किलोमीटर संख्या 273 पर पहुंची थी कि पीछे चल रही आर्टिका कार के ड्राइवर इमरान ने आगे चल रही एंजॉय कार को फोन करके बताया कि आपका गाड़ी का पिछला टायर खुल रहा है और गाड़ी इधर उधर हिलडुल रही है वैसे ही गाड़ी के ड्राइवर ने गाड़ी को खड़ी की और गाड़ी में सवार पांचों लोग उतर कर गाड़ी के पहिए का स्टेट खोल रहे थे कि पीछे से आ रहे कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे कि पांचों लोग हाईवे पर घायल होकर गिर पड़े। घायलों को यूपीडा की गाड़ी ने पीएचसी में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने चाचा मोहम्मद नईम और भतीजा कामरान को मृत घोषित कर दिया जबकि फरहान और हुसैन व जानेआलम की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रिफर कर एंबुलेंस से भेज दिया चाचा भतीजे को देख दूसरी गाड़ी में सवार बच्चे और महिलाओं में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची औरास पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

40 लीटर कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता

उन्नाव। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी के निर्देशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4, पुरवा,मय आबकारी स्टाफ क्षेत्र-4 पुरवा व थाना मौरवा के साथ तहसील पुरवा के अंतर्गत थाना मौरवा के संदिग्ध ग्राम लाला खेडा के कई घरों, व नहर किनारे व जंगल में दबिश दी गयी, दबिश के दौरान लगभग 40 लीटर कच्ची शराब के साथ 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया एवं मौके पर लगभग 250 किलो महुआ लहन व 3 भट्टी नष्ट की गयी। साथ ही तहसील पुरवा के अंतर्गत स्थित अकोहरी चौराहा, गुलरिहा देशी, अकोहरी विदेशी, अकोहरी बियर शराब की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

मनरेगा धनराशि दुरुपयोग मामले में 15 से होगा धरना

एनसीपी ने जिला प्रशासन को दिया ज्ञापन

संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह ने प्रशासन को 15 नवंबर से धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इसके लिए ज्ञापन दिया गया है। कहा गया है कि मनरेगा धनराशि के दुरुपयोग के मामले में शिकायत के छह माह बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। इसमें संबंधित अफसरों की मिलीभगत से कार्रवाई नहीं की जा रही है। गुरुवार को एनसीपी जिलाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह पार्टी कार्यकर्ताओं समेत कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में एक ज्ञापन प्रशासन को दिया गया था। जिनमें जन समस्याओं का जिक्र था। उस ज्ञापन पर अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई और न ही किसी तरह से जाचं की गई। उन्होंने कहा कि इस वजह से मजबूर होकर वे 15 नवंबर से विकास भवन के समीप धरना स्थल पर अनिश्चित कालीन धरना करेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में मनरेगा योजना के तहत कराये गये बाल पेन्टिंग के सम्बन्ध मे दिये गये ज्ञापन और प्रार्थना पत्र पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नही की गई। जबकि 2 जून को प्रार्थना पत्र दिया गया था। लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई।

समूहों ने नहीं कराई वॉल पेटिंग चहेती संस्था को किया भुगतान

जिलाध्यक्ष का आरोपह है, मनरेगा से वाल पेन्टिंग के समबन्ध में आयुक्त ग्राम विकास विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश दिया गया था कि वाल पेन्टिंग कार्य ग्राम पंचायत के समूहों द्वारा कराया जाए, लेकिन तैनात खण्ड विकास अधिकारी ने उपायुक्त मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव जो जनपद बहराईच मे खण्ड विकास अधिकारी थे।

उन्होंने वहां की फर्म को कार्य देकर लगभग 80 लाख रूपयों का भुगतान कराकर बन्दर बाट किया। मनरेगा योजना अंर्तगत दिये गये पशु बाड़ों में घोटाला किया। उस शिकायत पर भी कोई जाचं नहीं की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत दिये गये आवास में घोटाले के समबन्ध मे व पात्र लोगो को आवास न देने के समबन्ध मे दिये गए प्रार्थना पत्र पर भी कोई कार्यवाही नहीं की है।

आप की लखनऊ में 28 को रोजगार गारंटी रैली

संवाददाता

लखनऊ। 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में दमदारी से उतरने की तैयारी में लगी आम आदमी पार्टी अब सक्रियता दिखाएगी। प्रदेश की सभी 403 सीट पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा करने वाली आम आदमी पार्टी 28 नवंबर को लखनऊ में रैली भी करेगी। लखनऊ में 28 नवंबर को दोपहर एक बजे से रमाबाई अम्बेडकर मैदान में होने वाली इस रैली को आम आदमी पार्टी के संयोजक तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी संबोधित करेंगे। केजरीवाल के साथ पार्टी के अन्य बड़े नेता भी इस रैली को संबोधित करेंगे। लखनऊ का रमाबाई अम्बेडकर मैदान की क्षमता काफी है और बड़ी पार्टियां भी यहां पर रैली करने का साहस नहीं करती हैं। लखनऊ में गुरुवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य तथा उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस रैली के बारे में जानकारी दी। संजय सिंह ने बताया कि 28 नवम्बर लखनऊ में होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल संबोधित करेंगे। इसको रोजगार गारंटी रैली नाम दिया गया है। इस रैली में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल बताएंगे कि उत्तर प्रदेश में नौजवानों को कैसे रोजगार मिलेगा। आम आदमी पार्टी यहां पर 28 नवंबर को रैली का आयोजन कर एक बार फिर राजनीतिक जोखिम उठाएगी। रमाबाई अम्बेडर रैली स्थल लखनऊ का सबसे बड़ा ग्राउंड है। इसका निर्माण बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में हुआ था। यहां पर अब तक रिकॉर्ड भीड़ बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती की रैली में ही जुटी थी। केजरीवाल के लिए इस मैदान में रैली बड़ी चुनौती है।

प्रियाकान्तजू मंदिर पर गोपाष्टमी महोत्सव में गायी गऊमहिमा

संवाददाता

वृन्दावन। ठा. श्रीप्रियाकान्तजू मंदिर पर गोपाष्टमी महोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। कथा प्रवक्ता देवकीनंदन महाराज ने मंदिर समीप स्थित गऊशाला में जाकर गऊपूजन किया तथा श्रद्धालुओं को गऊमहिमा सुनाते हुये गौ पालन का उपदेश दिया। गुरूवार को गोपाष्टमी महोत्सव में गौ कथा सुनाते हुये देवकीनंदन महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में गाय को हमारी माता का स्थान प्राप्त है । गऊ में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। प्रत्येक हिंदू परिवार को एक गाय का पालन अवश्य करना चाहिये। अगर घर में स्थान नहीं है तो गऊशालाओं में जाकर एक गाय गोद लेनी चाहिये। जिससे हमारी पूज्या गऊ माता को किसी बेसहारा की भांति सड़कों पर न घूमना पड़े। उन्होंने कहा कि गऊ सात्विक प्राणी है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपना बचपन गायों के साथा बिताया था। श्रीकृष्ण ने गौ-वर्धन आन्दोलन चलाया जिसका उद्देश्य ही गऊ धन को सुरक्षित और सम्मान दिलाना था। इस अवसर पर विश्व शांति सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट सचिव विजय शर्मा, कमल शर्मा, आचार्य इन्द्रेश शरण, चन्द्रप्रकाश शर्मा, गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता जयहिन्द पाल के हमलावरों की जमानत खारिजः सुरेन्द्र सिंह भदौरिया

संवाददाता

रायबरेली। अधिवक्ता जयहिन्दपाल पर हमला करने के आरोप रोहित सिंह पुत्र ज्ञान बहादुर सिंह निवासी पनकी रोड, थाना कल्याणपुर, जनपद कानपुर वर्तमान निवासी कांशीराम कालोनी थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली के जमानत प्रार्थना-पत्र पर अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. कोर्ट अरूण कुमार मल्ल ने सुनवाई के बाद खारिज कर दी। ज्ञात हो कि बीते 22-10-2021 को सिविल कोर्ट के अधिवक्ता जयहिन्द पाल सिंह, सिविल कोर्ट दीवानी से अपने घर जा रहे थे, महिला थाना के पास इन पर प्राणघातक हमला व लूटपाट की गई, इस घटना में अधिवक्ता को गम्भीर चोटें भी आई, अधिवक्ता की तहरीर पर शहर कोतवाली में अपराध संख्या-556/ 2021 धारा-147, 323, 506, 392 के तहत दर्ज हुआ और मामले में आरापित राहित सिंह व सुल्तान को पकड़कर जेल भेजा गया था, जमानत प्रार्थना-पत्र अपर जिला शासकीय अधिवक्ता जितेन्द्र त्रिपाठ व सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह भदौरिया व वरिष्ठ अधिवक्ता रजवंत सिंह ने जमानत प्रार्थना-पत्र का विरोध किया। अधिवक्ता के साथ दिनदहाड़े कोर्ट बैंड में हुई गम्भीर घटना से अधिवक्ताओं में काफी आक्रोश था। महामन्त्री शशिकान्त शुक्ला, संयुक्त मन्त्री अनिल प्रजापति, सुनील सिंह मेजर, उपाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने न्यायालय के आदेश पर खुशी जाहिर की है। अधिवक्ताद्वय का कहना है कि जमानत खारिज होने से दिनदहाड़े अपराध कारित करने वाले लोगों में कानून का भय व्याप्त होगा।

फोन पर गंदी बातें करता था दरोगा, निलंबित

बछरावां,रायबरेली। एक तरफ जहां पुलिस न्याय के लिए बैठी है अगर वही दारोगा किसी महिला अमर्यादित भाषा में बात करें तो आखिरकार न्याय कौन देगा यह यक्ष प्रश्न जरूर बना हुआ है लगातार बछरावां थाने में तैनात हल्का नंबर 4 के दारोगा अशरद नदीम व पूरा हल्का काफी दिनों से सुर्खियों में बना हुआ था आखिरकार फिर एक ऐसा ही मामला बछरावां थाने में तैनात दरोगा को फोन पर अश्लील बातें करना महंगा पड़ गया है। पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तत्काल प्रभाव से दरोगा को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना बछरावां पर एक महिला ने लिखित तहरीर देकर बताया था कि थाना बछरावां पर तैनात उप-निरीक्षक अरशद नदीम फोन पर उसके साथ अमर्यादित बातें करते हैं। थाना अध्यक्ष बछरावां की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा उप-निरीक्षक अरशद नदीम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन

संवाददाता

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, अब्दुल शाहिद के दिशा-निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के द्वारा 14 नवंबर 2021 तक वृहद स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इसके अन्तर्गत तहसील सदर ब्लाक राही के ग्राम बरवारीपुर के संजय विद्यालय व तहसील महराजगंज के अन्तर्गत शिव महाविद्यालय पश्चिम गांव एवं स्थानी सद्भावना पब्लिक इंटर कॉलेज पश्चिम गांव में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं से अवगत कराया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। लोगों की समस्याओं के निस्तारण हेतु मौके पर ही सम्बन्धित प्रार्थनापत्र लिये गये। उक्त शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल, दुशेन्द्र, जालिपा प्रसाद, अशोक कुमार, पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति, आशीष भटनागर, अमिता गुप्ता, पम्मी देवी, रमेश कुमार श्रीवास्तव व समाजिक कार्यकर्ता सीमा के द्वारा सहभागिता की गई। इसके अतिरिक्त तहसील डलमऊ के अन्तर्गत ग्राम सभा मलियापुर, रायपुर टप्पा हवेली, मधुकरपुर, नया पुरवा तहसील महराजगंज के अन्तर्गत ग्राम सभा दामोदर खेड़ा, विकासखंड शिवगढ़ के ग्राम पंचायत आहलाद गढ़के ,ग्राम बरजोर खेड़ावा, जलालपुर तथा चितवनिया के खेतों में जाकर विधिक जागरूकता शिविर का अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऊंचाहार, हर नारायण इंटर कॉलेज ऊंचाहार, मजहर गंज में कैंप लगाकर विधिक रुप से जागरुक करने के साथ साथ डोर टू डोर प्रचार-प्रसार किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में संचालित विकास योजनाओं की एक-एक करके समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने गौआश्रय स्थलों पर चारा एवं भूसा की उपलब्धता की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि गौआश्रय स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जायें। उन्होंने कोविड-19 टीकाकरण, गोल्डेन कार्ड की प्रगति, जननी सुरक्षा योजना आदि योजनाओं की समीक्षा भी की। किसान सम्मान निधि की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि 2021 हेतु वृक्षारोपण की प्रगति की सफलता 80 प्रतिशत तक की जाये तथा आख्या प्रतिमाह डीएफओ कार्यालय को भेजी जाये।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने फूंका पुलिस प्रशासन का पुतला

संवाददाता

सुलतानपुर। गुरूवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष मानस तिवारी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका। जैसा कि आप सब को ज्ञात हो कि बीते दिनों कांग्रेस नेता वा सभासद सज्जाद खान की तहरीर पर मुकदमा नहीं दर्ज हुआ वा उल्टा उन्हीं के ऊपर डकैती का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर कोतवाली में लगातार 5 घंटे धरना प्रदर्शन के बाद कोतवाल द्वारा मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। वहीं दूसरी तरफ एडिशनल एसपी का व्यवहार आम जनमानस के लिए बहुत ही शर्मनाक है गाड़ी के विवाद को लेकर एडिशनल एसपी विपुल श्रीवास्तव ने अधिवक्ता मनीष मौर्य की माल के बाहर जमकर पिटाई की जिसके विरोध करते हुए गुस्साए छात्र नेताओं ने पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका।

यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुब्रत सिंह सनी ने बताया कि जिले ही नही प्रदेश भर कि पुलिस बेलागाम हो गई है प्रदेशभर में आए दिन हत्या बलात्कार लूट जैसी घटनाएं आम हो गई है। जिससे आम जन मानस मे काफी आक्रोश है वा जनता पुलिस से खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। जिलाध्यक्ष मानस तिवारी ने बताया कि एडिशनल एसपी पर जब तक कार्यवाही नहीं होगी तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह राणा ने बताया कि जिले में पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से बेलगाम हो गई है जल्दी इन पर रोक नहीं लगाई गई तो भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन बड़े आंदोलन को बाध्य होगा। इस मौके पर अभिषेक तिवारी युवराज यादव क्रांतिवीर तिवारी अतुल यादव संजीव विवेक सिंह विष्णु कांत सिंह योगेश दिग्विजय सिंह चैहान आदित्य विक्रम सिंह रोहित कुमार शाहबाज खान गुडलक सिह जावेद आदि छात नेता उपस्तिथि रहे।

मारपीट में चार लोग गम्भीर रूप से घायल

संवाददाता

लालगंज-रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के बहाई गांव में मारपीट की घटना हुई है। घटना में एक ही पक्ष से कादिर, कामिल, मंतसा और अब्दुल अली गम्भीर रूप से घायल हुये है। पीड़ित पक्ष की ओर से अब्दुल अली पुत्र अब्दुल हई ने गांव के ही आमिर, जावेद, बिलाल, आसिफ, जासिफ और अब्दुल हसीब के खिलाफ धारा 308 सहित बलवा की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करा दिया है। यह मारपीट की घटना देर रात आठ बजे के करीब हुई है। घायल अब्दुल अली ने बताया कि उसकी भांजी का वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। तभी अचानक पड़ोसियों ने हमला बोल दिया। प्रभारी निरीक्षक इन्द्रपाल सिंह सेंगर ने बताया कि मामले मे मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपियों को शीघ्र पकड़ा जायेगा।

आशाओं की मासिक बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे में दी गई जानकारी

संवाददाता

हलिया-मिर्जापुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर गुरुवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार ने आशा कार्यकर्तृयों को चल रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने आशा कार्यकर्तृयों को राष्ट्रीय कार्यक्रम की सबसे बड़ी कोरोना योजना कार्यक्रम के तहत अपने- अपने क्षेत्रों में वैक्सीन से वंचित रह गए लोगों की सूची तैयार करना तथा किन परिस्थितियों के कारण वैक्सीन से वंचित रह गए लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करना तथा उनकी सूची तैयार करना, जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पुरुष तथा महिला नसबंदी कराना, कुष्ठ रोगियों की पहचान व कुपोषण के शिकार हुए लोगों की सूची तैयार करना तथा नियमावली के तहत अपने-अपने क्षेत्रों में विजिट करना तथा गर्भवती महिला व बच्चों के टीकाकरण के संबंध में कार्य करने का दिशा निर्देश दिया। इस दौरान आशा ममता देवी, चंदा बानो, यशोदा, संयोगिता, सुनीता सिंह ,मीना देवी, राजकुमारी आदि तमाम आशा कार्यकत्री मौजूद रहीं।

सड़क हादसे में तीन लोग घायल

संवाददाता

ऊंचाहार। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर सवैया हसन गांव के निकट बाइक व स्कूटी की भिड़ंत में स्कूटी सवार छात्रा समेत तीन लोग घायल हो गये, सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

गुरुवार की दोपहर बाद असलहापुर गांव निवासी शिखा भारती 18 वर्ष पुत्र अशोक कुमार जो कि क्षेत्र के एस जे एस पब्लिक स्कूल में ग्यारहवीं की छात्रा है स्कूल से घर वापस लौट रही थी तभी सवैया हसन गांव के निकट सामने से आ रही बाइक से स्कूटी की भिड़ंत हो गई, घटना में छात्रा शिखा के अलावा बाइक सवार रोहित 19 वर्ष व उसके मामा का लड़का सचिन 15 वर्ष निवासी भखौआपुर थाना जगतपुर घायल हो गए, राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

खरीफ गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता

रायबरेली। कृषि निदेशक,उ0प्र0, कृषि भवन, लखनऊ के स्तर से निर्गत कार्ययोजना के द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय खरीफ, 2021 गोष्ठी का आयोजन 12 नवंबर 2021 को कृषि विज्ञान केन्द्र,दरियापुर, रायबरेली में पूर्वान्ह 10ः30 बजे से किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसमें कृषकों को जैविक खेती से संबंधित अत्याधुनिक कृषि तकनीकी ज्ञान कराये जाने हेतु कृषि के विभिन्न पहलुओं पर खरीफ फसलों के कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के उपाय पर विचार विमर्श तथा उन्नत कृषि तकनीकी से अवगत कराया जायेगा एवं कृषकों द्वारा पराली को खेतों में न जलाने तथा कृषकों की समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जायेगा। शासन द्वारा निर्धारित खरीफ फसलों की उत्पादकता प्राप्त की जा सके। उक्त के अतिरिक्त गोष्ठी में तकनीकी ज्ञानवर्धन हेतु कृषि निवेश मेला विकास खण्ड राही से संबंधित प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। उपनिदेशक कृषि एच एन सिंह ने जानकारी देते हुए जनपद के समस्त उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि उक्त आयोजित जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी/मेला में स्वयं प्रतिभाग करते हुए वर्णित तिथि एवं समय पर इस गोष्ठी/मेला में प्रतिभाग करने हेतु इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करना भी सुनिश्चित करें।

अज्ञात शव मिलने से मचा हडकम्प

लालगंज, रायबरेली। नगर के सरकारी अस्पताल के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। लोगों की सूचना पर पहुंचे लालगंज कोतवाल इन्द्रपाल सिंह सेंगर ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिये भेजा है। मृतक की शिनाख्त नही हो पायी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक अर्धविक्षिप्त किस्म का व्यक्ति था।

सपा की सरकार बनने पर निजी खर्च पर वीरा पासी व भोला पासी की विशालकाय मूर्ति स्थापित करूंगा

संवाददाता

रायबरेली। समाजवादी पार्टी की सरकार ने सदैव पासी समाज के महान पुरूषों का सम्मान किया है। समाजवादी पार्टी ने पासी समाज को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए इनके समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा चुनाव लड़ाने का कार्य किया है। यह उद्गार सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने विधान सभा सदर रायबरेली के संगठन के द्वारा आयोजित अमर शहीद वीरा पासी स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं पासी सम्मान समारोह में एकत्रित लोंगे के सम्मुख व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत सदर रायबरेली विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी आर.पी. यादव ने 100 पासी समाज के चिन्तक विचारक शिक्षाविद् एवं समाज को दिशा देने वाले लोगों को शाल ओढा कर सम्मानित किया। श्री यादव ने कहा कि वर्तमान में सदर रायबरेली की विधायक समाजवादी पार्टी के सहयोग से चुनाव जीतीं परन्तु वाई श्रेणी सुरक्षा के लिए भाजपा की पिछलग्गू बनी हैं। आज सदर विधानसभा में बिजली, पानी, माताओं की पेंशन, कन्या विद्याधन आदि घोर समस्याएं परन्तु विधायक के कानों में जू नहीं रेंगती। आप सभी से अपील करता हूँ कि भाजपा की पिछलग्गू सदर रायबरेली विधान सभा की विधायक को आने वाले विधान सभा चुनाव में हराकर भाजपा सरकार को उखाड़कर फेंकने में सहयोग करें। सपा के पूर्व प्रत्याशी सदर रायबरेली विधान सभा आर.पी. यादव ने कहा कि साथियों आप आगामी विधान सभा चुनाव में मुझे ताकत देने का काम पासी समाज के लोग करेंगे तो मैं स्वयं अपने निजी खर्चे से एक एकड़ भूमि खरीदकर अमर शाहीद वीरा पासी व उनके सहयोगी भोला पासी की सबसे ऊँची प्रतिमा लगाने और पासी समाज के भूले बिछड़े लोगों का इतिहास छपवाकर उनको सम्मानित करने का कार्य करूंगा। कार्यक्रम का संचालन सपा के महासचिव मो0 अरशद खान ने किया। इस अवसर पर सलोन क्षेत्र के कमलेश पासी, छोटेलाल पासवान, राजकुमारी पासवान, बिन्दादीन पासी, देशराज यादव, मनीष पासवान, सावित्री पासवान, राधा पासवान, कलावती पासवान, सुन्दरलाल पासवान, माता प्रसाद पासवान, जागेश्वर पासवान, शिवकुमार पासी, गंगादेई पासी, सुमन पासी, पूनम पासी आदि लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने विचार रखे।